RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



“खबरों से समझौता नहीं”

पटना, वर्षः 6 , अंकः271, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



बिहार विधानसभा आम चुनाव के मद्देनज़र एसएसबी टीम को डीएम-एसपी ने की ब्रीफिंग 03



मतदान न केवल अधिकार है बल्कि हमारी जिम्मेदारी :विनीता 04

नई ज़ाना गाने ने मेरी पुरानी यादें कर दीं ताजाः नीरू बाजवा 07

## अब जोरहाट बनेगा भारतीयों के लिए सबसे पसंदीदा स्थल

### 2026 में बर्लिन और लंगकावी को पछाड़कर हासिल करेगा मुकाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम का सुंदर शहर जोरहाट 2026 के लिए भारतीय यात्रियों की सबसे लोकप्रिय गंतव्य (ट्रेंडिंग डेस्टीनेशन) बन जाएगा। स्काईस्कैनर के नवीनतम ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट के अनुसार, जोरहाट ने बर्लिन, लैंगकावी और फुकेट जैसे अंतरराष्ट्रीय स्थलों को पछाड़कर यह शीर्ष स्थान हासिल करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, 59 प्रतिशत भारतीय अगले वर्ष अधिक यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। बुधवार को जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट भारतीय यात्रियों की बदलती प्राथमिकताओं, मुख्य प्रेरणाओं और 2026 के लिए ट्रेंडिंग और



सबसे वेल्यूफुल डेस्टीनेशन्स की जानकारी प्रदान करती है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि चाय बागानों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध जोरहाट ट्रेंडिंग डेस्टिनेशन्स में शीर्ष पर है। इसके खोज में 493 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई। इसके बाद श्रीलंका का जैफना (325 प्रतिशत) और ओमान का मस्कट (211 प्रतिशत) स्थान प्राप्त हुए है। इस अवसर पर भारत के टी 20 कप्तान और स्काईस्कैनर ब्रांड एंबेसडर सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे।


रिपोर्ट में अन्य उभरते हुए पर्यटन स्थलों में न्यूजीलैंड का क्वीनस्टाउन, थाईलैंड का चियांग राय और सऊदी अरब का अल-उला शामिल हैं।

## 10 साल में दलित-आदिवासियों का जीना हो गया है मुश्किल

● दलितों पर 46 ,आदिवासियों पर 91 फीसदी अपराध बढ़े

### खरगे का बड़ा वार,कहा-पीएम मोदी ने आंखें बंद कर लीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में दलितों और आदिवासियों के खिलाफ बढ़ते हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। खरगे ने कहा कि देश में दलितों के खिलाफ अपराधों में 46 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, वहीं आदिवासियों के खिलाफ यह आंकड़ा 91 फीसदी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो



2013 से 2023 के बीच का है। खरगे ने × पर लिखा, एनसीईआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच देश में दलितों के खिलाफ अपराधों में 46 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं आदिवासियों के खिलाफ अपराध में 91 फीसदी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, हरियाणा में आईपीएस अधिकारी से भेदभाव, हरिओम वाल्मीकि की प्रताड़ना, सीजेआई पर हमला भाजपाई सोच को उजागर करता है।

## बिहार में एनडीए सहयोगियों के बीच बन गई बात

● चिराग पासवान 25 सीट पर राजी,मांझी भी हैं तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर एनडीए में बड़ी सहमति बनती दिख रही है। पिछले कुछ दिनों से खबरें थीं कि चिराग पासवान अड़े हुए हैं और 40 विधानसभा सीटों से कम पर राजी नहीं हैं। अब सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि वह 25 सीट पर सहमत हो सकते हैं। इसकी एवज में उन्हें भाजपा से केंद्र से लेकर बिहार सरकार तक में ज्यादा महत्व और मंत्रालय दिए जाने का भरोसा मिला है। इसके अलावा उनकी पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी ऑफर की जा सकती है। भाजपा की ओर से मिले



इस भरोसे के बाद चिराग पासवान 25 सीटें लड़ने पर ही राजी हो सकते हैं। इसके संकेत चिराग पासवान के बयान से भी मिल रहे हैं। चिराग पासवान का कहना है कि एनडीए में सब ऑल इज वेल है और जल्दी ही सीट बंटवारे को लेकर ऐलान हो जाएगा। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है, लेकिन यह माना जा रहा है कि 25 सीटों पर चिराग राजी हो सकते हैं। गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से मीटिंग हुई थी, जिसमें भाजपा और एलजेपी के कई नेता दिन भर मौजूद रहे। इस मीटिंग में नित्यानंद राय के अलावा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

# अफगानिस्तान में फिर से दूतावास शुरू करेगा भारत

● तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी से मिले एस जयशंकर

### बैठक में किसी देश के झंडे का नहीं हो पाया इस्तेमाल





**काबुल (एजेंसी)।** भारत फिर से अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में बदलेगा। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने दूतावास बंद कर दिया था लेकिन एक साल बाद व्यापार, चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता की सुविधा के लिए एक छोटा मिशन खोला था।

दिल्ली में हुई जयशंकर और मुत्तकी की बैठक में किसी भी देश के झंडे का इस्तेमाल नही किया गया। दरअसल भारत ने अफगानिस्तान में अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। मुत्ताकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है।

### जयशंकर बोले- अफगानिस्तान के विकास में है भारत की रुचि

जयशंकर ने कहा कि भारत को अफगानिस्तान के विकास में गहरी रुचि है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने निपटने के लिए किए जा रहे साझा कोशिशों की भी तारीफ की। उन्होंने मुत्ताकी से कहा कि हम भारत की सुरक्षा के प्रति आपकी संवेदनशीलता की सराहना करते हैं, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान आपने जो समर्थन दिया, वह काबिलेतारीफ था। जयशंकर ने कहा, भारत, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसे और मजबूत करने के लिए ही, मैं आज भारत के तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास के दर्जे तक बढ़ाने की घोषणा कर रहा हूं। मुत्ताकी ने भारत को शुक्रिया कहते हुए कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में भारत सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी दोस्त मानता है। भारत ने अभी तक तालिबान–शासित अफगानिस्तान को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है। इसी वजह से भारत ने तालिबान को अफगान दूतावास में अपना झंडा फहराने की अनुमति नहीं दी है। दूतावास में अभी भी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का झंडा फहराया जाता है (यह वह शासन था जिसका नेतृत्व अपदस्थ राष्ट्रपति अशरफ गनी कर रहे थे)।

## आकाश में अब भारत की आंख बनेगा ‘सक्षम’

### खतरों को बेअसर करने के लिए सेना का बड़ा प्लान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेना ने स्वदेशी में विकसित ‘सक्षम’ काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम (यूएएस) ग्रिड सिस्टम की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पूरी तरह से स्वदेशी है, जो रक्षा प्रौद्योगिकी में सरकार के ‘आत्मनिर्भर भारत’ अभियान की सफलता है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली को रियल टाइम में शत्रुओं के ड्रोनों और मानवरहित हवाई प्रणालियों का पता लगाने, उन्हें ट्रैक करने, पहचानने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे संपूर्ण हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित होगी जिसमें जमीन से तीन हजार मीटर (10 हजार फीट) ऊपर तक का हवाई क्षेत्र शामिल है। परियोजना को फास्ट ट्रैक प्रोक्योरमेंट (एफटीपी) रूट के तहत मंजूरी दी गई है।

## राजनाथ सिंह ने देखी एफ-35 की हवा में री फ्यूलिंग

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 बड़े समझौते पर हस्ताक्षर



**कैनबरा (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और सैन्य इंटरऑपरेबिलिटी को और गहरा करने का संकल्प लिया। दोनों देशों ने तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए और ‘क्वाड’ देशों के बीच मौजूद रणनीतिक एकरूपता पर विश्वास जताया। यह बैठक उस समय हुई है जब ट्रंप प्रशासन यह संकेत दे रहा है कि अमेरिका अब चीन का मुकाबला करने वाली इंडो–पैसिफिक रणनीति में पहले जैसा निवेश नहीं करेगा। कैनबरा में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्ल्स ने गोपनीय सूचनाओं के आदान–प्रदान, पारस्परिक पनडुब्बी खोज और बचाव सहयोग के साथ–साथ संयुक्त स्टाफ वार्ता तंत्र की स्थापना से जुड़े तीन अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देश अब संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को अंतिम रूप देने और 2009 के सुरक्षा समझौते की जगह लेने वाले दीर्घकालिक रक्षा ढांचे पर भी काम कर रहे हैं। अमेरिका के साथ बढ़ते टैरिफ विवाद और कूटनीतिक तनाव के बीच भारत ऑस्ट्रेलिया के साथ है।

## लेह में 16 दिन बाद भी हालात खराब

● टूरिस्ट नहीं आ रहे, फिर भी दावा-सब नॉर्मल है ● आधी रात से इंटरनेट बहाल, बाजारों में सन्नाटा


**लेह (एजेंसी)।** साल के करीब 7-8 महीने पर्यटकों से भरा रहने वाला लेह का मुख्य बाजार सूना पड़ा है। होटल खाली हैं। 5 से 10 हजार वाले रूम 500 से 1 हजार रुपए के मामूली किराए में भी नहीं भर रहे। टैक्सी स्टैंड पर गाड़ियां खाली खड़ी हैं। जितने टूरिस्ट अभी यहां हैं, उससे 10 गुना ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। इंटरनेट बंद है। हमने ऐसी जिंदगी पहले कभी नहीं जी। हिंसा ने हमारे सीजन की खुशियां छीन लीं। और उप राज्यपाल दावा कर रहे हैं कि लेह में सब नॉर्मल है। जो हालात हैं, उसे हमारे लिए नॉर्मल नहीं कह



सकते। यह बात जब रिगजिन वाग्मो लेचिक बोल रही थीं, तब उनकी आंखों में आंसू थे। लेचिक ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन लेह की अध्यक्ष भी हैं। लेचिक ने बताया कि पहलगाम की घटना ने 50 फीसदी टूरिस्ट को नुकसान पहुंचाया था, लेह की हिंसा में यह बढ़कर 80 फीसदी हो गया है। 2000 गेस्टहाउस, होटल्स खाली पड़े हैं। लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50 फीसदी है। अक्टूबर में हम अगले मार्च-अप्रैल की बुकिंग शुरू कर देते थे, लेकिन इस बार एक भी प्री-बुकिंग नहीं है। अगले कुछ दिन में बर्फीली ठंड शुरू होते ही यहां सब कुछ बंद हो जाएगा। हम आज नहीं कमाएंगे तो अगले छह महीने गुजारा कैसे करेंगे। लद्दाख की राजधानी लेह में स्थानीय लोगों के विरोध के बाद इंटरनेट सेवा गुरुवार रात बहाल कर दी गई। हालांकि, इसका कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ।

## तमिलनाडु में दवा जांच में की गई भारी अनदेखी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में बने कफ सिरप कोल्ड्रिफ; के कारण मध्य प्रदेश-राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला चर्चा में है। अब भारत के महालेखा परीक्षक (सीएजी) की तमिलनाडु के पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रचर एंड



मैनेजमेंट ऑफ हेल्थ सर्विस से जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आई है। सीएजी ने 10 दिसंबर 2024 की तमिलनाडु की पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रचर एंड मैनेजमेंट ऑफ हेल्थ सर्विस पर अपनी परफॉर्मेंस ऑडिट (रिपोर्ट) में बताया था कि राज्य में ड्रग इंस्पेक्शन (टेस्टिंग) में कमी देखी गई थी। साथ ही ड्रग्स (दवा) सैंपल कलेक्शन में भी कमी की गई थी। इधर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई या ज्यूडिशियल जांच की मांग खारिज कर दी।


## राष्ट्रपति ट्रंप का सपना टूटा, मारिया ने मारी बाजी

● वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो को मिला शांति का नोबेल

### हाथ मलते रह गए अमेरिका के राष्ट्रपति,मांगने पर भी नहीं मिला

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिला है। डोनाल्ड ट्रंप बार बार नोबेल पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। वो सात युद्ध में शांति करवाने का दावा करते आ रहे थे। लेकिन बावजूद इसके उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया है। डोनाल्ड ट्रंप के लिए ये बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि नोबेल पुरस्कार के लिए उन्होंने अपने दूसरे





कार्यकाल में क्या नहीं किया है, उन्होंने हर युद्ध में खुद को शांति करवाने वाला मसीहा बताया है। उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी शांति करवाने के लिए मध्यस्थता करने का दावा किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि पाकिस्तान ने उनकी भावना को स्वीकार करते हुए उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान के अलावा इजरायल ने भी नॉमिनेट किया था।

● **वेनेजुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता को नोबेल–** नोबेल शांति पुरस्कार 2025 इस बार वेनेजुएला की लोकतंत्र समर्थक नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने कहा कि यह सम्मान उन्हें वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनके अथक संघर्ष और देश को तानाशाही से लोकतंत्र की ओर ले जाने के प्रयासों के लिए दिया गया है। मचाडो ने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की ज्योति जलाए रखी और निरंकुश शासन के खिलाफ शांतिपूर्ण संघर्ष जारी रखा। समिति ने उन्हें लैटिन अमेरिका में नागरिक साहस की असाधारण मिसाल बताया है।

### आईपीएस सुसाइड केस

## हरियाणा डीजीपी कपूर का जाना लगभग तय

● आलोक को जिम्मेदारी देने की तैयारी,15 अफसरों पर एफआईआर हुई

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के सुसाइड केस में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर गुरुवार देर रात एफआईआर दर्ज कर ली गई। चंडीगढ़ पुलिस की ओर से सुसाइड नोट को आधार बनाते हुए सेक्टर-11 थाने में 156 नंबर एफआईआर भारत न्याय संहिता की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत दर्ज की गई है। हरियाणा के



इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी मामले में चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी सहित 14 पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। हालांकि आईपीएस पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पी. कुमार ने इस एफआईआर पर ऐतराज जताए हैं। उन्होंने एफआईआर पर अलग से नाम पर ऐतराज किया।

● **मुकदमा शुरू करने से पहले अनुमति जरूरी–** संविधान विशेषज्ञ व सुप्रीम कोर्ट के बकौल विराम गुप्ता ने बताया कि सरकारी कर्मचारी पर केस दर्ज करने पर रोक नहीं है, लेकिन मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा शुरू होने से पहले सक्षम अधिकारी या सरकार की अनुमति की जरूरत पड़ सकती है। अगर अभियोजन को बुलाने की अनुमति नहीं दी जाए तो इस आधार पर केस भी खारिज हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफॉर्मर फटा, युवक झुलसा, ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

**पटना**। पटना के फतुहा में गुरुवार रात रायपुरा गांव के पास एक ट्रांसफॉर्मर में अचानक भयंकर विस्फोट हो गया। इस विस्फोट की चपेट में आने से सिनोज पासवान नामक एक युवक गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गया। घटना इतनी जबरदस्त थी कि इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रायपुरा के निवासी सिनोज पासवान ट्रांसफॉर्मर के बगल से गुजर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालांकि, उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया है। इस घटना से इलाके के ग्रामीण आक्रोशित हो उठे।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा है। गुस्साए ग्रामीणों ने फतुहा स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और अपनी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर ट्रांसफॉर्मरों की मरम्मत या बदलाव पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण यह हादसा हुआ है। हंगामे की सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया। घटना की पुष्टि करते हुए बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि, ट्रांसफॉर्मर से निकले तेल की वजह से युवक झुलसा है और वह अब खतरे से बाहर है। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि चोट कहीं ज़्यादा गंभीर है। ट्रांसफॉर्मर विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि विस्फोट किस वजह से हुआ।

### आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पप्पू यादव पर एफआईआर दर्ज

**हाजीपुर**। वैशाली में पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सहदेई प्रखंड के गनियारी गांव में कटाव प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता बांटने के आरोप में की गई है। सांसद पप्पू यादव ने गनियारी गांव पहुंचकर कटाव पीड़ितों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने लोगों को 2000 से 3000 रुपए की आर्थिक मदद दी। कैमरे में साफ देखा गया कि एक सूची से नाम पढ़कर लोगों को पैसे दिए जा रहे थे।



इस घटना के बाद पप्पू यादव ने कहा कि उन्हें निर्वाचन आयोग का कोई डर नहीं है और आयोग जो चाहे कर सकता है। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद चिराग पासवान और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय पर भी निशाना साधा। यादव ने आरोप लगाया कि बड़े नेता टिकट के चक्कर में व्यस्त हैं और कटाव पीड़ित परिवारों से मिलना जरूरी नहीं समझते। सांसद ने वैशाली जिलाधिकारी को फोन भी किया था, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। यह मामला आचार संहिता के दौरान वित्तीय सहायता बांटने को लेकर दर्ज किया गया है। महनार अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार सिंहा ने बताया कि बिहार में आचार संहिता लागू है, इसके बावजूद एक माननीय द्वारा सहयोग के तौर पर राशि वितरण किया गया था। इसके बाद शहदेई अंचलाधिकारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### वैशाली में 59 लाख की स्मैक जब्त, तस्कर गिरफ्तार, गांधी सेतु के पास से पुलिस ने पकड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने गंगाब्रिज थाना क्षेत्र में एक बड़े स्मैक तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 296 ग्राम स्मैक और 2.65 लाख रुपए नकद के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक का बाजार मूल्य लगभग 59 लाख 20 हजार रुपए आंका गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से वैशाली पुलिस लगातार वाहन जांच और छापेमारी अभियान चला रही है। इसी क्रम में गंगाब्रिज थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि गांधी सेतु के पाया नंबर-06 के पास मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर, हाजीपुर) के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। इस टीम में दंडाधिकारी, वैशाली पुलिस और सीएपीएफ के अधिकारी व जवान शामिल थे। छापेमारी के दौरान चंदन कुमार नामक व्यक्ति को व्यवसायिक मात्रा में स्मैक और उसकी बिक्री से अर्जित 2,65,190 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया।




पूछताछ में गिरफ्तार चंदन कुमार ने मादक पदार्थ के स्रोत और खरीदारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इस संबंध में गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 164/25, दिनांक 08.10.25, धारा 8(c)/21(C)/29 एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है और तस्करी में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस सफल अभियान में सीआईएसएफ की 542बी बटालियन, एसडीपीओ सदर-1 श्री सुबोध कुमार, दंडाधिकारी श्री राजन कुमार ओझा, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर श्री अरविंद यादव, गंगाब्रिज थानाध्यक्ष पु०अ०नि० दीपक कुमार और सीआईएसएफ एएसआई श्री हरनाथ सिंह कुशवाहा ने सराहनीय योगदान दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मियों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

### मुजफ्फरपुर में रेलवे अंडरग्राउंड पुल को बंद कर हंगामा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को ग्रामीणों ने रेलवे अंडरग्राउंड पुल को बंद कर दिया और जमकर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाजीपुर–सुगौली रेलखंड को भी कुछ घंटों के लिए जाम कर दिया, जिससे रेल लोगों का आना-जाना प्रभावित हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलखंड निर्माण के दौरान रेलवे ने अंडर पास बना दिया है, जिसके कारण अब यह जगह जलजमाव का केंद्र बन गई है। हल्की बारिश के बाद भी पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह अंडर पास पारू प्रखंड के दर्जनों पंचायतों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य रास्ता है। इस रास्ते से रोजाना हजारों लोग आवाजाही करते हैं। इसमें स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और कर्मचारी शामिल है। लेकिन बारिश के मौसम में अंडर पास में दो से तीन फीट तक पानी भर जाने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो जाता है। ग्रामीण संतोष कुमार ने कहा कि "रेलवे ने जबसे यह अंडर पास बनाया है, तबसे हमारी परेशानी बढ़ गई है। पहले यहां पानी निकलने की व्यवस्था थी, लेकिन अब हर बारिश में पूरा रास्ता डूब जाता है। "एक अन्य ग्रामीण सरोज कुमार ने बताया कि अंडर पास में जलजमाव के कारण लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। बाइक और पैदल यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी रेलवे की ओर से कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीणों ने हाजीपुर–सुगौली रेलखंड को जाम कर दिया और रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। रेल जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पारू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि, "ग्रामीणों ने अंडर पास में जलजमाव की समस्या को लेकर सड़क और रेल दोनों मार्गों को जाम कर दिया था। पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया और स्थिति सामान्य की।" पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान रेलवे अधिकारियों से समन्वय कर जल्द किया जाएगा। फिलहाल जाम समाप्त हो गया है, लेकिन ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

# सोते गार्ड पर डंडे से हमला, रिटायर्ड डीआईजी के नौकर ने किया वार

एजेंसी, पटना

पटना के एक अपार्टमेंट में सो रहे गार्ड पर एक शख्स ने डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में अपार्टमेंट का गार्ड बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के न्यू पाटलिपुत्र रोड नंबर 3 स्थिति ठाकुर अपार्टमेंट की है। गार्ड का नाम भोला शाह है, जो रोहतास के रहने वाले हैं। बेटा संदीप घटना के वक्त अपने रूम में सोया था। यह पूरी वारदात अपार्टमेंट में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। उसमें साफ तौर पर आरोपी गोलू सो रहे गार्ड पर डंडे से हमला करते दिख रहा है।

**सोए हुए गार्ड की डंडे से पिटाई**: घायल संदीप ने बताया कि, घटना के वक्त पिता सोए थे। इसी बीच अपार्टमेंट में रेजिडेंस के एक फ्लैट का नौकर गोलू आया और सिर पर हमला कर दिया, जिससे मेरे पिता बेसुध हो गए। कुछ देर के बाद जब होश में आए। फिर हम लोग को मदद मांगने थाने गए, लेकिन हमें लौटा दिया गया। इसके बाद दोबारा डायल 112 पर कॉल किए, पुलिसकर्मी आए और फिर थाने पर ले गए। गार्ड के बेटे ने बताया कि, थाने से बिना इंजरी के कागजात दिए हम लोगों को PMCH भेज दिया गया, जिसके चलते PMCH में एडमिट नहीं लिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने पहले कहा था कि, लिखकर दो केस नहीं करोगे, तब इलाज होगा। लगभग 40 मिनट के बाद पिता को PMCH में एडमिट किया गया। हम लोग इंतजार कर रहे थे। उनका पास रुपए भी नहीं हैं कि प्राइवेट अस्पताल में लेकर जाएं।



**घटना का सीसीटीवी फुटेज**

### थाने ने लौटाया, इलाज में भी लापरवाही

**आया सामने**: अपार्टमेंट के एक शख्स ने नाम नहीं लिखने की शर्त पर बताया कि, घटना के बाद गोलू ने DVR के तार वगैरह को तोड़ने की कोशिश की। उसके साथ छेड़छाड़ की है, लेकिन DVR की रिकवरी हो गई है। उसमें स्पष्ट तौर पर गोलू सो रहे गार्ड पर डंडे से मारने की नीयत से हमला करते दिख रहा है।

**रिटायर्ड पुलिसकर्मी के यहां काम करता है गोलू**: घायल गार्ड के बेटे संदीप ने बताया कि, गोलू जिसके यहां काम करता है वो रिटायर्ड DIG हैं। रसूखदार होने के चलते गार्ड और उसके बेटे पर प्रेशर बनाया जा रहा है। फिलहाल गार्ड का इलाज होना जरूरी है, जो नहीं हो पा रहा है।

# पटना में 5 करोड़ का गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी, पटना



मसौढ़ी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 5 करोड़ रुपए का 369 किलो गांजा जब्त किया है। यह खेप बंगाल से पटना लाई जा रही थी, जिसकी डिलीवरी मीठापुर में होनी थी। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

**गुप्त सूचना पर कार्रवाई, चेकिंग में धराया ट्रक**: पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नशे के कंसाइनमेंट से भरा एक ट्रक पटना आ रहा है। सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के नेतृत्व में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान बीआर-01 जीएच 8399 नंबर के एक ट्रक को रोका गया।

**अथमलगोला के रहने वाले हैं दोनों तस्कर**: ट्रक की तलाशी के दौरान उसमें से 12 बोरियों में कुल 36 पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन 369.730 किलोग्राम है। पुलिस ने ट्रक चालक लक्ष्मण कुमार और खलासी गुड्डु कुमार को गिरफ्तार किया है। ये दोनों अथमलगोला के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

♦ बंगाल से आ रहा था 369 किलो का कंसाइनमेंट

**पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना उद्देश्य- पुलिस**: पटना के पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि, जब्त किए गए सूखे नशे का मुख्य सौदागर ट्रक का मालिक है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि, इस नेटवर्क में तस्करों का एक बड़ा गिरोह शामिल है और पुलिस का मुख्य उद्देश्य इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना है।

# बिहटा रेलवे ब्रिज के नीचे मिला शव, पॉकेट से मिला पुणे-नई दिल्ली का टिकट

एजेंसी, पटना



पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव रेलवे ब्रिज के नीचे पानी से भरे गड्ढे में मिला। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद बिहटा थाना और रेल थाना की टीम मौके पर पहुंची। यह घटना दानापुर रेल मंडल के जी.जे. कॉलेज रोड स्थित रेलवे ब्रिज संख्या 191 के पास हुई। पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकाला। युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। मृतक ने काली टी-शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी।

**जेब से मिला पुणे से नई दिल्ली का जनरल रेलवे टिकट**: पुलिस को जांच के दौरान युवक की जेब से पुणे से नई दिल्ली का जनरल रेलवे टिकट मिला है, जिसकी तारीख 6 अक्टूबर है। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक दिल्ली या पटना की ओर यात्रा कर रहा था और संभवतः ट्रेन से गिर गया।

❒ युवक के सिर और शरीर पर चोट के निशान

घटनास्थल पर बिहटा थाना और जीआरपी बिहटा की टीमें मौजूद हैं। क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों थानों के बीच समन्वय किया जा रहा है। बिहटा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि, ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। युवक की जेब से रेलवे टिकट और कुछ रुपये बरामद हुए हैं। प्राथमिक जांच में यह मामला ट्रेन से गिरने का प्रतीत होता है। शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। " पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है।

# बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट तैयार, 13 नामों पर लगी मुहर

एजेंसी, पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बिहार चुनाव में पहले चरण की सीटों पर आज से नामांकन शुरू हो रही है। महागठबंधन में सीट बंटवारे के फंसे पेंच की बीच कांग्रेस पार्टी की पहली लिस्ट तैयार हो गई है। सूत्रों की मानें तो ये नाम फाइनल हैं, बस ऐलान बाकी है। इस पहली सूची में शामिल 13 संभावित नाम भी सामने आ गए हैं। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपने सिटिंग सीट कुटुंबा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी अपनी सिटिंग सीट कदवा से फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं।

**बछवाड़ा से यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को मिल सकता है टिकट**: इसके अलावा किशनगंज से इजहारुल हुसैन, मनिहारी से मनोहर प्रसाद सिंह, मुजफ्फरपुर से विजेंद्र चौधरी, करहगर से संतोष मिश्रा, औरंगाबाद से आनंद शंकर सिंह को पार्टी टिकट देगी। ये सभी अभी सिटिंग MLA हैं। इसके अलावा बेगूसराय से अमिता भूषण, बछवाड़ा से बिहार यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रकाश गरीब दास, रीगा से अमित कुमार टुन्ना, रोसड़ा से बीके रवि, वारिसलीगंज से सतीश कुमार और चेनारी से मंगल राम को टिकट मिलेगी।

**आज कांग्रेस के स्क्रीनिंग कमेटी की ऑनलाइन बैठक**: दूसरी ओर आज कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की ऑनलाइन बैठक है। इसमें उम्मीदवारों की सूची अंतिम रूप से तैयार की जाएगी। 11 अक्टूबर को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। 12 अक्टूबर को सीटों के समझौते पर सहमति का इंतजार किया जाएगा। कांग्रेस ने राजद को अल्टीमेटम दे दिया है कि सीट बंटवारा जल्द करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी।




❒ कुटुंबा से राजेश राम, बछवाड़ा से यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को टिकट

# बिहार में 5 दिनों तक शुष्क रहेगा मौसम, किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं

एजेंसी, पटना

बिहार में फिलहाल मौसम स्थिर है। राज्य के किसी भी जिले में आज बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहेगा और दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जबकि सुबह और शाम की हवा में हल्की ठंडक बनी रहेगी। बीते 24 घंटे में किसी भी जिले में बरसात नहीं हुई। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान 24 घंटे में 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। वहीं, विभाग की माने तो अगले 4 से 5 दिनों तक बिहार का मौसम शुष्क ही रहेगा।

**क्यों बदला रहा मौसम का मिजाज**: मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र अब कमजोर पड़ चुका है। इसके कारण नमी वाली हवाओं का प्रवाह रुक गया है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही थी, लेकिन अब दक्षिण-पश्चिमी मानसून धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। इस वजह से आसमान साफ हो गया है। धूप तेज महसूस की जा रही है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का कहना है कि इस समय हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी दिशा में है, जिससे आर्द्रता में कमी आई है। गर्माहट थोड़ी बढ़ी है। दोपहर के समय हल्की उमस महसूस होगी, लेकिन सुबह और शाम का मौसम सुहावना रहेगा।



**मानसून की वापसी कब तक?**: मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि 15 अक्टूबर तक मानसून की पूरी तरह से वापसी बिहार से हो जाएगी। फिलहाल राज्य के दक्षिणी और पूर्वी जिलों में कमजोर मानसून की स्थिति बनी हुई है, लेकिन कोई भी सक्रिय सिस्टम मौजूद नहीं है। मानसून की वापसी का असर यह होगा कि अब अगले कुछ हफ्तों तक बारिश की संभावना बेहद कम रहेगी और धीरे-धीरे तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम**: मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 4 से 5 दिन तक बिहार में मौसम शुष्क रहेगा। दिन में धूप तेज रहेगी और अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। रात में तापमान 22 से 24 डिग्री के आसपास रहेगा, जिससे हल्की ठंडक का एहसास होने लगेगा। सितंबर के अंत और अक्टूबर के पहले हफ्ते में हुई छिटपुट बारिश के बाद अब धीरे-धीरे सर्दी का असर दिखना शुरू होगा। अक्टूबर के तीसरे सप्ताह से सुबह-शाम के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार सर्दी का आगमन सामान्य समय से थोड़ा पहले हो सकता है।

❒ 24 घंटे में 4 डिग्री बढ़ा पटना का अधिकतम तापमान

**पटना में कैसा रहेगा मौसम**: राजधानी में आज आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय हल्की धुंध और ठंडी हवा का एहसास होगा, जबकि दोपहर में धूप तेज रहेगी। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है और न्यूनतम तापमान करीब 23 डिग्री रहने का अनुमान है। नमी का स्तर 65 से 70 प्रतिशत के बीच रहेगा। पटना मौसम केंद्र के अनुसार, अगले पांच दिनों तक राजधानी में बारिश की कोई संभावना नहीं है।

# एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर, धर्मेंद्र प्रधान करेंगे सभी दलों से बातचीत

एजेंसी, पटना



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों के ऐलान के बाद चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। एनडीए के भीतर सीट बंटवारे को लेकर लगातार खींचतान चल रही है। जहां चिराग पासवान और जीतन राम मांझी को समझाना एनडीए नेताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इसी बीच आज एक बार फिर धर्मेंद्र प्रधान एनडीए के सभी घटक दलों के नेतृत्व के साथ अलग-अलग बैठक करेंगें। साथ ही भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ भी सीट बंटवारे को लेकर अहम बैठक करेंगे।

**सीट बंटवारे पर जारी मतभेदों को सुलझाने बुलाई बैठक**: सूत्रों के अनुसार, यह बैठक सीट बंटवारे पर जारी मतभेदों को सुलझाने और एकजुट रणनीति बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई है। इस दौरान गठबंधन की चुनावी प्रचार नीति, उम्मीदवार चयन, क्षेत्रवार तालमेल और प्रचार कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।

**चिराग पासवान को मनाने जाएंगे नित्यानंद राय**: अभी एनडीए के भीतर मतभेद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। सबसे बड़ी चुनौती चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बनी हुई है। अब तक दोनों दलों के बीच अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। सूत्र बताते हैं कि बीजेपी और जदयू के बीच सीटों का प्रारंभिक तालमेल लगभग तय हो चुका है। मगर लोजपा रामविलास को मनाने की कवायद जारी है। इसके लिए आज एक बार फिर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय चिराग पासवान को मनाने उनके आवास जाएंगे। कल भी नित्यानंद राय ने दिल्ली में चिराग पासवान से मुलाकात कर सुलह का प्रयास किया था, लेकिन बातचीत पूरी तरह नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यही वजह है कि आज फिर वो चिराग पासवान से मिलने जा रहे है।

# तेजस्वी की नौकरी देने वाली बात पर अखिलेश का समर्थन

एजेंसी, पटना

राज्यसभा सांसद और बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने तेजस्वी यादव के हर घर में एक सरकारी नौकरी देने की बात का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हम तेजस्वी यादव का बिल्कुल समर्थन करते हैं। हर घर में नौकरी मिले इसका तो कोई राजनीतिक पार्टी विरोध नहीं करेगा। हम लोग चाहते हैं कि बिहार खुशहाल बने। संभावनाओं को कभी खारिज नहीं करना चाहिए। आज से नॉमिनेशन शुरू है, मगर अभी तक महागठबंधन की सीट शेयरिंग का ऐलान नहीं होने पर उन्होंने कहा कि हमें बताया गया कि 15, 16, 17 अच्छा डेट है, तब हम नॉमिनेशन करेंगे। वहीं, कल सीनियर ऑब्जर्व्स के लालू प्रसाद से नहीं मिलने की बात पर अखिलेश सिंह ने कहा कि ऐसी कोई सूचना नहीं थी। वरना लालू जी से मिलने में किसी को कोई परेशानी नहीं है। हर समय उनका दरवाजा खुला रहता है। अशोक गहलोत रात में चर्चा कर रहे थे कि वह अगली बार आएंगे तो मिलेंगे। उन्होंने तेजस्वी यादव से रात में बात भी की थी। राजद और कांग्रेस का जो संबंध है वह सब को मालूम है।

**कांग्रेस पार्टी ने 12 माफिया को चिन्हित किया है**: कांग्रेस पार्टी ने 12 माफियाओं को चिन्हित किया है। अखिलेश सिंह ने कहा कि पूरा बिहार 20 सालों से माफियाओं की गिरफ्त में है। पूरे बिहार में लूट मची है। जैसे ही महागठबंधन की सरकार बनेगी बिहार माफिया मुक्त होगा। चप्पे चप्पे पर माफिया को हम लोग समाप्त करेंगे। हमारे सरकार में माफियाओं के लिए दो ही जगह होगी। एक स्थान जहन्नुम और दूसरा जेल में होगा। माफियाओं के लिए दो ही उपाय है- पीठ पर गोली, पेट पर लात होगा। पहला माफिया महिलाओं को माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में फंसाने वाला है। 9 लाख महिलाओं पर औसतन 20000 बकाया है। वसूली के नाम पर धमकी और हिंसा के रिपोर्ट सामने आते हैं। हमारी सरकार आती है ऋण रिकवरी के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे। माफियाओं की संपत्ति को कुर्की करके जब्त करने का काम करेंगे। भू माफिया के खिलाफ तुरंत रिकॉर्ड, ऑडिट और नकली रजिस्ट्री रद्द करेंगे। बालू माफियाओं पर भी करवाई होगी। टास्क फोर्स बनाया जाएगा, ड्रोन से निगरानी होगी। वहीं, शराब माफियाओं के लिए सख्त सीमा निगरानी होगी। ठेका माफिया के लिए सड़कों, बिजली, नल जल जैसे योजनाओं के लिए ई-टेंडरिंग अनिवार्य होगी, पकड़े जाने कर आपराधिक मुकदमा होगा। शिक्षा माफिया के लिए पेपर सिक्योरिटी कठोर करेंगे।




♦ राज्यसभा सांसद बोले- 15, 16, 17 को करेंगे नॉमिनेशन, 20 साल से बिहार माफिया की गिरफ्त में है

**सरकार पर साधा निशाना**: भर्ती माफिया के लिए पुलिस, शिक्षा के क्षेत्र में मौजूद माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई होगी। भर्ती में पूर्ण पारदर्शिता होगी। माइनिंग माफिया के लिए खनन लाइसेंस का रिव्यू होगा, अवैध कमाई का कुर्की जब्ती करेंगे। कॉन्ट्रैक्ट किलिंग नेटवर्क में विशेष जांच टीम और अंतरराज्यीय को ऑर्डिनेशन करेंगे। ट्रांसफर पोस्टिंग माफिया में रिश्वत लेने वाले अधिकारियों पर जीरो टॉलरेंस सरकार बनाएगी। वहीं, स्वास्थ्य माफियाओं को रोकने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य खरीद में ई टेंडर अनिवार्य किया जाएगा। दोषी कंपनी या व्यक्ति की पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। मिलावट माफियाओं को लेकर या सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी मिलावटी सामान बिहार के लोगों के बीच नहीं जाए। आप सभी देख रहे हैं कि मौजूदा सरकार में मंत्रियों को काफी पैसे मिल रहे हैं। मंत्रियों के कहां से इतना पैसा आ जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोतिहारीः मुफस्सिल थाना परिसर में ड्रम फटने से दो मजदूर झुलसे

**बीएनएम @ मोतिहारी**। मुफस्सिल थाना परिसर में एक स्पिरिट से भरा ड्रम फटने से दो मजदूर झुलस गए। यह हादसा तब हुआ जब मजदूर कचरा जला रहे थे और ड्रम कचरे के नीचे रखा हुआ था। घायल मजदूरों को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुणाल कुमार (वैशाली, महुआ) को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि नेपाल के वीरगंज निवासी दुर्गेश कुमार को मामूली चोटें आई हैं। कुणाल के शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार और दारोगा मुमजात अहमद ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त स्पिरिट के ड्रमों को नष्ट करने के बाद खाली ड्रम थाना परिसर के पीछे रखे गए थे। जांच की जा रही है कि ड्रम कैसे फटा और परिसर में अन्य ड्रमों में स्पिरिट है या नहीं। जानकारी के अनुसार, थाना के पीछे खाली जमीन पर बैरक निर्माण का काम चल रहा था। दुर्गेश और कुणाल प्लाई लाने ड्रमों की ओर गए थे, लौटते समय अचानक ड्रम फट गया। झुलसे कुणाल ने राहत के लिए अपने ऊपर पानी से भरा ड्रम डाल लिया, जिससे उसकी हालत और गंभीर हो गई। अन्य मजदूरों ने बताया कि विस्फोट की आवाज इतनी तेज थी कि ऐसा लगा जैसे बम फटा हो।

### ढाका सीट से जन सुराज ने डॉ. एलबी प्रसाद को उतारा मैदान में, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मांगा जनसमर्थन



**बीएनएम @ मोतिहारी**। जन सुराज ने ढाका विधानसभा क्षेत्र से डॉ. एलबी प्रसाद को अपना अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया है। उनके नाम की घोषणा 9 अक्टूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह और वरिष्ठ नेता आरसीपी सिंह ने की। टिकट की औपचारिक घोषणा के बाद डॉ. प्रसाद ने शुक्रवार को ढाका में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि वे जन सुराज के सिद्धांतों और प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। डॉ. प्रसाद ने कहा कि जन सुराज सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि लोगों की आवाज़ और व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचारमुक्त शासन को वे अपना प्रमुख एजेंडा बनाएंगे और हर घर तक जन सुराज के संकल्प और विचार लेकर जाएंगे। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता संजय ठाकुर, स्टेट कोर सदस्य जयमंगल कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रसाद महतो, पवन सिंह, डॉ. इरशाद सहित कई स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### रामगढ़वा पुलिस की कार्रवाई, दो गांजा तस्कर 6.8 किलो नेपाली गांजा के साथ गिरफ्तार



**बीएनएम @ रामगढ़वा**। रामगढ़वा पुलिस ने नारकोटिक्स के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो तस्करों को 6 किलो 800 ग्राम नेपाली गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ललन यादव, पिता बिरजा यादव, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना आदापुर और अंजनी साह, पिता सोनालाल साह, निवासी चम्पापुर, थाना रामगढ़वा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तस्कर गांजा बेचने के लिए चम्पापुर स्थित सोनालाल साह के घर पहुंचे थे। गुप्त सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की और दोनों को गांजा सहित पकड़ लिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### पलनवा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बीएनएम @ रामगढ़वा**। पलनवा पुलिस ने शुक्रवार को विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाकर एक आर्म्स एक्ट के आरोपी और तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आर्म्स एक्ट के आरोपी कामेश्वर साह, पिता असर्फी साह, निवासी उचीडीह ग्राम को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वारंटी के रूप में वांछित शंभू साह, राजेश दास और राजदेव दास को भी उनके घरों से दबोचा गया। ये तीनों लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के साथ अपर थानाध्यक्ष भीम सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### नेपाल कनेक्शन उजागर, 88.7 किलो गांजा के साथ दो तस्कर जेल

**बीएनएम @ तुरकौलिया**। प्रखंड के चारगाहा मुर्गियां टोला गांव स्थित एक मुर्गीफॉर्म से पुलिस ने 88.7 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। इस मामले में गिरफ्तार दोनों तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चारगाहा निवासी अनिल यादव और छौड़ादानो निवासी पवन प्रसाद के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने अपने दो अन्य सहयोगियों के नाम भी बताए, जो नेपाल के रहने वाले हैं। बताया गया कि वही नेपाल बॉर्डर पार कराने का काम करते हैं। इन दोनों पर भी अपर थानाध्यक्ष के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। अभियान के संबंध में बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मुर्गीफॉर्म में दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में हैं। छापेमारी के लिए पुलिस पहुंची तो दोनों भागने लगे, जिन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान लाल रंग के प्लास्टिक में लिपटा गांजे के छह बंडल, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू और एक मोबाइल बरामद हुआ। सीओ की उपस्थिति में वजन कराया गया, जिसमें कुल मात्रा 88.7 किलो पाई गई। थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और फरार तस्करों की तलाश में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### अलग अलग मामालो में दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ जमुई/झाझा**। थानाक्षेत्र की पुलिस ने दो अलग अलग मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमे एक शराब पीकर हंगामा मचाते गिरफ्तार हुए तो दूसरा मारपीट मामले में कांड संख्या 321/25 में नामजद था। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि करहरा में एक शराबी शराब पीकर ग्रामीणों के बीच हंगामा मचा रहा है जिसके बाद पुलिस गांव में पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया और नाम बताने पर संजय यादव बताया जबकि दूसरा गिरफ्तार आरोपी की पहचान करहरा गांव निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई जो कांड संख्या 321/25 मारपीट मामले में नामजद था और वह फरार चल रहा था।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में डीएम ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

## खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों को मतदान करने के लिए किया गया प्रेरित

**बीएनएम @ मोतिहारी**



खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 09 से 12 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार ने दीप प्रज्वलन कर एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, योगा, वूशु, ताइक्वांडो, कुश्ती, बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मशाल दौड़ एवं खिलाड़ियों के शपथ ग्रहण के साथ खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई। इसके पहले सभी खिलाड़ियों से जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी है की सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए पूर्वी चंपारण जिला में 11 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है,उस दिन सभी लोग सबसे पहले अपना मतदान करें, उसके बाद फिर अपना काम करें। मताधिकार से बड़ा कोई अधिकार नहीं। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी जो आज यहां उपस्थित हैं अपने अभिभावक, आसपास के व्यक्ति एवं मित्रजनो से मतदान करने की अपील करेंगे। सभी खिलाड़ी इसके लिए आइकॉन के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी,जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थितथे। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, योगा, वूशु, ताइक्वांडो, कुश्ती, बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, विभिन्न जिला खेल संघ के अध्यक्ष/सचिव अरविन्द कुमार, रुस्तम आलम, भानु प्रकाश, अप्पु कुमार, मंजय कुमार, रविश कुमार, शारीरिक शिक्षा शिक्षक अमित कश्यप, श्वेतांजलि, पवन शरण, रश्मि रंजन, अरुण कुमार गुप्ता, विपुल आनन्द, पंकज कुमार वर्मा, मनोज प्रसाद, राजन कुमार, मोहम्मद मोबसिर रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## बे-मौसम बारिश से बाढ़, सैकड़ों किसानों की धान की फसल बर्बाद



**बीएनएम @ मोतिहारी**

प्रखंड क्षेत्र के पचरुखा पूर्वी पंचायत के खैराघाट, अजगरवा, सुंदरपुर, खेरी एवं तिर्वाह क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की तैयार धान की फसल बे-मौसम बारिश और अचानक आई बाढ़ की वजह से पूरी तरह नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में करीब 10,000 एकड़ से अधिक खेतों में धान की फसल लहलहा रही थी। किसान फसल कटाई की तैयारी में जुटे थे कि तभी लगातार वर्षा और जलभराव ने खेतों को जलमग्न कर दिया, जिससे किसानों पर भारी आर्थिक संकट आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि धान की पूरी फसल पानी में डूबकर सड़ चुकी है, जिससे उनका सालभर का मेहनताना बर्बाद हो गया है। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कर मुआवज़ा दिलाने की मांग की है। रहमत अली, ज्याउल हक, नूर आलम, दिलोज सहनी, शफी अहमद, नन्दन सहनी, बीर बहादुर मुखिया, लहवर मुखिया, पतिराम मुखिया, फुलदेव मुखिया, बिरबल मुखिया, चुलाही मुखिया, प्रभु मुखिया, बिशनाथ मुखिया, सुकृत मुखिया, भागृत मुखिया, रामजनम मुखिया, अशगर अली, मोजाहिर, नौशाद आत्मम, मोजीबुर रहमान, कारलाल सहनी, भुलेन सहनी, त्रिलोकी मुखिया सहित सैकड़ों किसान इस आपदा से प्रभावित हैं।

## बिहार विधानसभा आम चुनाव के मद्देनज़र एसएसबी टीम को डीएम-एसपी ने की ब्रीफिंग

**बीएनएम @ मोतिहारी**



जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उच्च विद्यालय ढाका में सीमा सुरक्षा बल की टीम को अवांछित गतिविधि, सीमा पार आवाजाही एवं गैर क़ानूनी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। यहां पर सीमा सुरक्षा बल की एक कंपनी मौजूद है जिन्हें जिला प्रशासन की तरफ से सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई है।जिलाधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र में परिचलित सभी वाहनों की जांच की जाए। प्रतिदिन छापामारी अभियान में और तेजी लाई जाए एवं जो भी अवैध सामग्री यथा नारकोटिक्स, शराब आदि मिल रहा है तो उसे जब्त किया जाए। अगर अवैध धनराशि का आवा जाहि हो रहा है तो उसकी सूचना संबंधित वरीय पदाधिकारी को देते हुए उसे नियमानुसार जप्त कर लिया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसमें स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग भी लिया जाय। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन को हर हाल में निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न करना है, इसको लेकर फ्लैग मार्च निकाला जाए एवं एरिया डोमिनेशन भी किया जाए।

## हरसिद्धि में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बाइक चोर, शराब कारोबारी और वारंटी सहित पांच गिरफ्तार

**बीएनएम @ हरसिद्धि**



थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें दो कुख्यात बाइक चोर, एक शराब कारोबारी और दो वारंटी शामिल हैं। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दो बाइक चोरों को एक पल्सर बाइक के साथ रंगेहाथ पकड़ा। दोनों चोरी की बाइक को कनछेदवा गांव में बेचने की फिराक में थे। गिरफ्तार युवकों के नाम विशाल कुमार (पिता मनोज दास, निवासी बलुआ, थाना पहाड़पुर) और विक्रम कुमार (पिता अच्छेलाल शाह, निवासी यादवपुर) हैं। दोनों लंबे समय से बाइक चोरी के धंधे में सक्रिय रहे हैं। विशाल कुमार को शातिर बाइक चोर के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा पुलिस ने शराब कारोबारी अरुण कुमार (निवासी मुरारपुर) और दो वारंटी रामाधार पटेल व नरेश पटेल (दोनों निवासी धवही) को भी गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में अपर थाना अध्यक्ष सीमा कुमारी, अविनाश कुमार, राजेश कुमार सिंह, राजीव रंजन कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने चिरैया एवं ढाका विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक

**बीएनएम @ मोतिहारी**





जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा शुक्रवार को उच्च विद्यालय ढाका के सभाकक्ष में 20-चिरैया एवं 21- ढाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सफलतापूर्वक चुनाव का संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी से उनके दायित्व को लेकर प्रश्न किया गया। जिलाधिकारी ने पूछा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी के द्वारा अभी तक अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ क्या क्षेत्र भ्रमण किया गया है, उनके जिम्मे कितने मतदान केंद्र हैं, मतदान केंद्र किन किन लोकेशन पर स्थित है। मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ते की क्या स्थिति है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण कहीं-कहीं जल जमाव की स्थिति बन गई है तो क्या उससे बूथ तक जाने का रास्ता प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (AMF) की उपलब्धता क्या है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कितने संवेदनशील पॉकेट है, क्या उसे चिन्हित किया गया है। महादलित टोले का भ्रमण किया गया है कि नहीं। लोगों में फ्री एंड फेयर पोल संबंधी विश्वास बढ़ाने की काम की गई है अथवा नहीं, से संबंधित सारी चीजों के बारे में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक में जानकारी प्राप्त की गई। सभी सेक्टर पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी के साथ क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया है। मतदान केंद्र पर न्यूनतम जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता देखी गई है एवं इसके संबंध में प्रतिवेदन दिया गया है। ज्ञातव्य है कि चिरैया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 36 एवं ढाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 43 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं दायित्वपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया की सफलता का आधार क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस सेक्टर पदाधिकारी पर ही होते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका मेरुदंड की तरह है, यदि वह अपनी जिम्मेवारी का ईमानदारी से सजग़ता के साथ निर्वहन करेंगे तो जिले में चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने में सफलता प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्य प्रणाली की भी व्यवस्थित जानकारी रखें ताकि मतदान के दिन कहीं कोई दिक्कत हो तो उसका शीघ्रता से समाधान किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कार्य सुनिश्चित करेंगे। चुनाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है बल्कि लोकतंत्र का महापर्व है और इसे सफल बनाने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण एवं सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी सजग रहें, सक्रिय रहें और निष्पक्षता बनाए रखते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इस अवसर पर ढाका विधान सभा के निर्वाची पदाधिकारी- सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना, साकेत कुमार, चिरैया विधान सभा के निर्वाची पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिकरहना, सुनिधि, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिकरहना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकड़ीदयाल एवं सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घोड़ासहन पुलिस ने कुख्यात अपराधी परमेन्द्र यादव को गिरफ्तार, कई मामलों में था फरार

**बीएनएम @ मोतिहारी**



घोड़ासहन पुलिस ने 10 अक्टूबर 2025 को कुख्यात अपराधी परमेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया। आरोपी परमेन्द्र यादव, पिता सोस्ता राय उर्फ़ सच्चिदानंद राय, निवासी सप्हा, थाना घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण, लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर घोड़ासहन थाना कांड संख्या 183/25 दिनांक 08.06.25 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) और 308(3) के तहत मामला दर्ज है। आरोपी के खिलाफ रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, रंगदारी, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम और मारपीट से जुड़े कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इलाके में वह लोगों को डराने-धमकाने और जमीन कब्जाने जैसी गतिविधियों में सक्रिय रहा है। परमेन्द्र यादव का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है। उसके खिलाफ घोड़ासहन थाना में 2011 से लेकर 2025 तक विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें 147, 148, 149, 323, 324, 325, 327, 307, 354(B), 379, 380, 504, 506, 427, 341 जैसी भारतीय दंड संहिता की धाराएँ, आर्म्स एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, रेलवे एक्ट, लाउडस्पीकर एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## छापेमारी में 85 लीटर देशी शराब जब्त, छः गिरफ्तार



**बीएनएम @ तुरकौलिया**

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की गई, जिसमें 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और 85 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं अखिलेश सहनी उर्फ़ बबली, निवासी सपही, जो रघुनाथपुर थाना कांड संख्या 282/25 (पूर्व का उत्पाद कांड) में वांछित था। इसके अलावा विवेक सिंह, निवासी रघुनाथपुर, जो कांड संख्या 609/23 में हत्या के प्रयास के आरोप में नामजद था; प्रिंस मिश्रा, निवासी पहाड़पुर; मिट्ठू कुमार, निवासी रघुनाथपुर; विकास कुमार और चंचल कुमार, दोनों निवासी तुरकौलिया, नशे से संबंधित मामलों में शामिल हैं। थानाध्यक्ष अलका कुमारी ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश भेज दिया गया है, और पुलिस उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 4.49 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में लोजपा(रा) के नेता गिरफ्तार

**बीएनएम @ समस्तीपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के चोरा टभका निवासी राजीव रंजन कुमार को पश्चिम बंगाल पुलिस ने 4.49 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। राजीव रंजन, स्वर्गीय सुंदेश्वर राय के पुत्र हैं और हाल ही में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से विभूतिपुर विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे।सूत्रों के अनुसार, बिधाननगर ईस्ट थाना क्षेत्र की पुलिस ने गुरुवार को राजीव रंजन को एक रिटायर्ड जज से आर्थिक धोखाधड़ी के मामले में हिरासत में लिया। बताया गया है कि सेवानिवृत्त जस्टिस इंद्रजीत चटर्जी, जो साल्ट लेक सिटी, कोलकाता के निवासी हैं, ने 7 सितंबर 2025 को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।शिकायत में जस्टिस चटर्जी ने आरोप लगाया था कि प्रमोटर राजीव रंजन ने दो निर्माण परियोजनाओं (FE-388 और CA-124) में निवेश के नाम पर उनसे भारी रकम ली, लेकिन निर्माण कार्य दिसंबर 2024 के बाद पूरी तरह ठप हो गया।जांच में सामने आया कि राजीव ने पहले चार चेकों के माध्यम से 2 करोड़ रुपये लिए, इसके बाद परियोजनाओं के नाम पर 2.29 करोड़ रुपये और वसूले। ब्याज समेत यह राशि कुल 4.49 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। शिकायत के अनुसार, इस पूरी रकम का उपयोग राजीव ने अपने अन्य दो प्रोजेक्ट्स — AJ-13, सेक्टर-II और FE-144, सेक्टर-III, साल्ट लेक — में कर दिया।जस्टिस चटर्जी ने पुलिस में बताया कि यह सुनियोजित आर्थिक ठगी थी। राजीव ने निवेश की गई राशि को गलत परियोजनाओं में लगाकर उनकी गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किया। लगातार अनुरोध के बावजूद न तो उन्होंने पैसा लौटाया और न ही परियोजना पूरी की।शिकायत में यह भी कहा गया है कि इस आर्थिक धोखाधड़ी से जस्टिस चटर्जी और उनका परिवार मानसिक व आर्थिक रूप से टूट गया है। तनाव के कारण उनकी पत्नी को मानसिक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, वहीं उनका मानसिक रूप से विकलांग बेटा भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहा है।इधर, गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राजीव रंजन से प्रारंभिक पूछताछ की है। बिधाननगर थाने परिसर से उनकी एक तस्वीर भी सामने आई है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला धोखाधड़ी, विश्वासघात और आपराधिक दुरुपयोग से जुड़ा है। बिधाननगर ईस्ट थाना पुलिस ने सभी साक्ष्य जुटा लिए हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जनता महादलित संघ की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर


प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष को सम्मानित करते कार्यकर्ता

**बीएनएम @ जमुई।** जनता महादलित संघ के जिलाध्यक्ष विकास गौरव के आवास पर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वयं जिलाध्यक्ष विकास गौरव ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार धनकर उपस्थित थे।बैठक की शुरुआत डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद जिलाध्यक्ष विकास गौरव के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार धनकर को पुष्प चित्र भेंट कर सम्मानित किया।अपने संबोधन में धनकर ने कहा कि जनता महादलित संघ अब संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर तक सदस्यता अभियान चलाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की विचारधारा पहुँचाना ही संघ का लक्ष्य है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर गरीबों, वंचितों और दलित समुदाय की आवाज को बुलंद करें।इस अवसर पर जिला प्रधान उपाध्यक्ष रविराज कुमार, जिला प्रधान महासचिव अनिल कुमार, जिला संगठन मंत्री रितेश कुमार, जिला महासचिव प्रभाकर कुमार, जिला प्रवक्ता अमलेंदु कुमार अनु, जिला सचिव सकलदेव दास एवं खैरा प्रखंड अध्यक्ष तपस दास उपस्थित रहे।

### प्रखंडों के उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बीएनएम @ जमुई।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को दृष्टिपथ में रखते हुए जिले में मतदाता जागरूकता की लहर तेज हो गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वीप कोषांग, जमुई के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों के उच्च विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। सभी ने आगामी 11 नवंबर 2025 को जमुई जिले में होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मतदान की शक्ति और लोकतंत्र में भागीदारी के महत्व से अवगत कराया। वक्ताओं ने कहा कि "लोकतंत्र की सच्ची मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करे।" उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में मतदाता जागरूकता का संदेश फैलाएँ और अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित करें।कार्यक्रम में विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से शामिल हुए। पूरे जिले में आयोजित इस अभियान ने न केवल शिक्षण संस्थानों में लोकतांत्रिक चेतना को सशक्त किया, बल्कि भविष्य के मतदाताओं में जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प भी जगाया।



### +2 बालिका उच्च विद्यालय झाझा की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बीएनएम @ जमुई/झाझा।** एनसीईआरटी नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में +2 बालिका उच्च विद्यालय झाझा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्राओं ने संगीत शिक्षक अनंत कुमार के कुशल निर्देशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लोक नृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। इन विजेता छात्राओं में मोनिका कुमारी, परिनिधि कुमारी, पूजा कुमारी, अंजली कुमारी एवं नेहा भारती शामिल हैं। अब ये छात्राएँ आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पटना में अपनी प्रस्तुति देंगी। वहीं दूसरी ओर, विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती मोनी कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका राखी कुमारी, अंजु कुमारी, अनिल सिंह, संजय कुमार गुप्ता, निखिल, अमृत यादव, कारु यादव, कन्नू प्रिया, संजय पांडे, प्रियंका कुमारी, प्रीति श्रीवास्तव, भोला शंकर, निवास कुमार श्रवण पासवान, मुकर्रम अली, शुंबुल निगार ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता की शुभकामनाएँ दी हैं।



# बिहार विधान सभा चुनावः पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू

## 18 जिलों की 121 सीटों पर सियासी जंग का आगाज़

**बीएनएम @पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। इसके साथ ही राज्य की राजनीति में हलचल और तेज़ हो गई है। इस चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करेंगे।ये जिले उत्तर बिहार और मगध क्षेत्र के राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माने जाते हैं। इनमें गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, भोजपुर, बक्सर, पटना, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, बेगूसराय, सहरसा, मधेपुरा और खगड़िया शामिल हैं।नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तय की गई है। इसके बाद 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 21 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को होगी, जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को निर्धारित है। नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।इस चरण में कई आरक्षित सीटें भी हैं, जिनमें सिंहेश्वर, सोनबरसा, बखरी, राजगीर, फुलवारी, मसौढ़ी और अगिआंव प्रमुख हैं। इन सीटों पर दलित, महादलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं का बड़ा प्रभाव है, जिसके चलते सभी दल अपने सामाजिक समीकरण को साधने में जुटे हैं।राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, पहले चरण की कई सीटें ऐसे इलाकों में हैं जो पूरे बिहार के चुनावी रुझान को तय करेंगी। भाजपा और जदयू गठबंधन जहां विकास और सुशासन के एजेंडे पर भरोसा जता रहा है, वहीं महागठबंधन सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता के मुद्दे पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रहा है।जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ गई है। हर दल अपने स्टार प्रचारकों की पहली सूची जारी कर दी है |



# बेहतर कार्य के लिए एसपी ने थानाध्यक्षो को किया सम्मानित


थानाध्यक्ष को सम्मानित करते एसपी

**बीएनएम @बगहा**

पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज ने गुरुवार की शाम मासिक अपराध गोष्ठी बैठक के बाद बेहतर कार्य के लिए पुलिस इन्स्पेक्टर सह धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह को सम्मानित किया। एसपी ने बताया कि पुलिस जिला के धनहा, चौतरवा, नौरंगिया, रामनगर के थानाध्यक्ष को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। चौतरवा थानाध्यक्ष राहुल कुमार भी बेहतर कार्य के लिए सम्मानित हुए है। धनहा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह को सम्मानित होने पर थाना क्षेत्र के लोगों ने बधाई दिया है। गौरतलब हो कि धनहा थाना क्षेत्र के दहवा गांव में पुलिस पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी रुस्तम अंसारी को थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह थाना का पदभार संभालने के साथ ही जाल बिछाकर गिरफ्तार किया था। वही बाकी बचे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया। जिसके दबाव में आकर सभी आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिए। थानाध्यक्ष के इस सराहनीय कार्य की थाना क्षेत्र के लोगों ने खूब चर्चा हो रही है।

# संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस अधिकारी रखें ध्यान- एसपी

**बीएनएम @बगहा**


वाहन जांच करते एसपी

विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो चुकी है और इसके पालन को लेकर बगहा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पुलिस अधीक्षक बगहा सुशांत कुमार सरोज ने स्वयं नेतृत्व करते हुए बगहा अनुमंडल कार्यालय के समीप सघन वाहन जांच अभियान की शुरुआत की।एसपी सरोज ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव अवधि में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए सभी पुलिसकर्मी पूरी तत्परता से कार्य करें।जांच अभियान के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई और अधूरे या संदिग्ध कागजात वाले वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई।एसपी के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, यातायात थानाध्यक्ष मनोज कुमार, पटखौली थानाध्यक्ष हृदयानंद सिंह सहित कई अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहे।एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि यह वाहन जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनावी अवधि के दौरान जिले की सीमाओं, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो सके।

# भ्रामक खबरों पर होगी त्वरित कार्रवाई : डीएम

## डीएम ने मीडिया/सोशल मीडिया/एमसीएमसी कोषांग का किया उद्घाटन

**बीएनएम @समस्तीपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव के सफल, पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी रौशन कुशवाहा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जिला मुख्यालय में मीडिया/सोशल मीडिया/एमसीएमसी कोषांग का विधिवत उद्घाटन किया।इस कोषांग का गठन चुनाव अवधि के दौरान मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित होने वाली सभी गतिविधियों पर पैनी नज़र रखने तथा आदर्श आचार संहिता के पालन को सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।उद्घाटन के उपरांत डीएम रौशन कुशवाहा ने उपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मीडिया और सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक, उत्तेजक या भेदभावपूर्ण सामग्री पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।"भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाईः किसी भी मीडिया या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली या झूठी/भ्रामक खबर प्रकाशित होते ही संबंधित विभाग को सूचित कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।दैनिक प्रतिवेदन की व्यवस्थाः कोषांग के पदाधिकारी प्रतिदिन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क और सोशल मीडिया में प्रसारित समाचारों का विश्लेषण कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेंगे तथा उसे व्यय अभ्यर्थी कोषांग में जमा करेंगे।तत्परता एवं एकाग्रता पर जोरः डीएम ने कहा कि यह कोषांग चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ करें।इस अवसर पर नजारत उप समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग, रजनीश कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।जिला पदाधिकारी ने उम्मीद जताई कि यह कोषांग आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाने में एक सशक्त माध्यम साबित होगा।


फीता काट कर उद्घाटन करते डीएम

# स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारीः डीएम

**बीएनएम @समस्तीपुर**



पदाधिकारी को दिशा निर्देश देते डीएम

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में लाईव वेबकास्टिंग एवं आईटी, विधि-व्यवस्था/भेद्यता मानचित्र एवं सुरक्षा योजना, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन व्यय लेखा एवं अनुश्रवण, मीडिया/सोशल मीडिया, कम्युनिकेशन प्लान, शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन, प्रेक्षक, तथा सिंगल विंडो कोषांगों के नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने कोषांगों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी बैठक को संबोधित करते हुए डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि —स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रत्येक कोषांग का समन्वय और समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रहकर कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।वेबकास्टिंग एवं आईटी कोषांग यह सुनिश्चित करे कि सभी संवेदनशील और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की तकनीकी व्यवस्था पूरी तरह कार्यशील रहे।विधि-व्यवस्था और भेद्यता मानचित्र कोषांग पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर मजबूत सुरक्षा योजना तैयार करे।आदर्श आचार संहिता कोषांग राजनीतिक गतिविधियों की सतत निगरानी करे और उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करे।मीडिया/सोशल मीडिया कोषांग अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर सतर्क निगरानी रखे और सकारात्मक जनजागरूकता अभियान चलाए।निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग उम्मीदवारों के खर्च का सटीक एवं पारदर्शी लेखा रखे।शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन कोषांग मतदाताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करे।कम्युनिकेशन प्लान कोषांग मतदान दिवस पर संचार व्यवस्था सुचारू बनाए रखे।प्रेक्षक कोषांग प्रेक्षकों के आगमन, आवासन और आवश्यक सुविधाओं की पूर्व तैयारी रखे। सिंगल विंडो कोषांग निर्वाचन अनुमोदन एवं अनापत्ति प्रमाणपत्रों को एकीकृत रूप से शीघ्र जारी करे।हमारा लक्ष्य है कि समस्तीपुर उन जिलों में शामिल हो जहाँ निर्वाचन प्रक्रिया सबसे पारदर्शी, शांतिपूर्ण और तकनीकी रूप से सुदृढ़ रूप में संपन्न हो। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।निर्वाचन केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का पर्व है। इसे निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# भय मुक्त होकर करे मतदान : थानाध्यक्ष


फ्लैग मार्च में शामिल थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मी

**बीएनएम @बगहा**

बगहा पुलिस जिला के नदी थाने की पुलिस ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा सशस्त्र पुलिस बल के साथ दियारा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर फ्लैग मार्च निकाल कर भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। नदी थानाध्यक्ष दीपक कुमार प्रसाद ने बताया कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, फ्लैग मार्च नदी थाना क्षेत्र के नैनहा, रेवहिया, सोहगीबरवा, महुअवा, रमना कन्हैयापुर, लेदिहरवा, नरहवा, सहित दियारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने दियारा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में आप सभी मतदाता भय मुक्त एवं निर्भीक होकर मतदान करें। अगर किसी व्यक्ति द्वारा डराया धमकाया जाता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस आप की मदद के लिए 24 घंटे तत्पर है। थानाध्यक्ष ने शांतिपूर्वक मतदान करने का आह्वान किया। सीओ नंदलाल राम ने बताया कि, फ्लैग मार्च के बाद दियारा क्षेत्र में आवागमन करने वाले वाहन सहित चालकों की सघन तलाशी ली गई। फ्लैग मार्च में नदी थाना के एस आई राजकुमार सिंह, राजकुमार, जेपी यादव , मनोहर पासवान सहित नदी थाना की पुलिस एवं एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# मतदान न केवल अधिकार है बल्कि हमारी जिम्मेदारी :विनीता

**बीएनएम @जमुई/सोनो**


महिलाओं को शपथ दिलाते अधिकारी

आगामी विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सोनो प्रखंड के ढोंधरी पंचायत के वार्ड संख्या 09, मतदान केंद्र संख्या 64 पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षिका विनीता कुमारी एवं आंगनबाड़ी सेविका अर्चना सहाय ने संयुक्त रूप से की।जन संवाद कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका विनीता कुमारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि "मतदान ही वह अधिकार है जो अमीर-गरीब, महिला-पुरुष सभी के लिए समान है। हमें इसकी गरिमा को समझते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।"उन्होंने आगे कहा कि जिले में 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा। हर नागरिक को अपने वोट के महत्व को समझना चाहिए, क्योंकि यही मजबूत लोकतंत्र की नींव है।वहीं, सेविका अर्चना सहाय ने कहा कि "मतदान न केवल अधिकार है बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। हर व्यक्ति को मतदान केंद्र पर जाकर अपने वोट से राष्ट्र को सशक्त बनाना चाहिए।"इस अवसर पर सहायिका सोना कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी उषा, अनिता कुमारी सहित अन्य महिला सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

# विदेशी में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 करोड़ की ठगी

## एयरपोर्ट पर खुला फर्जीवाड़ा

**बीएनएम @पटना/मुजफ्फरपुर**




विदेशी नौकरी का सपना दिखा कर लगभग 300 लोगों से करीब 3 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि फर्जी कंपनी इम्पीरियल इंटरप्राइजेज के 5 लोग इस संगठित अपराध में शामिल थे। हर पीड़ित से न्यूनतम 90,000 रुपये लिए गए, जबकि कई लोगों ने इससे अधिक राशि जमा करवाई।पीड़ितों का कहना है कि कंपनी ने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर दावा किया था कि वे वेस्ट अफ्रीका के 'स्काई ग्रिड' संस्थान में नौकरी दिलवाएंगे और आवागमन, वीजा, टिकट और रहने-खाने की पूरी जिम्मेदारी उठाएंगे। पिछले वर्षों में कंपनी ने सैकड़ों लोगों को रोजगार दिलाने का दावा किया था, जिससे युवक-युवतियों ने भरोसा कर बड़ी रकम जमा कर दी।कुछ पीड़ितों ने आधी राशि जमा की थी, जिसके एवज में उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया। जिन्होंने पूरी राशि जमा की, उन्हें वीजा और एयर टिकट का झांसा दिया गया। 8 अक्टूबर को जब पीड़ित एयरपोर्ट पहुंचे, तो टिकट और वीजा नकली पाए गए। इस तरह सभी को ठगी का एहसास हुआ।पीड़ितों ने गुरुवार को कंपनी के कार्यालय (पुरानी मोतिहारी रोड, अहियापुर थाना क्षेत्र) पहुंचकर सत्यापन किया तो ताला पड़ा मिला और कर्मचारी फरार थे। करीब 25 पीड़ितों ने अहीयापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई।पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। अहीयापुर थाना और साइबर सेल की टीम बैंक खातों, ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल ट्रांजैक्शन और विज्ञापन माध्यम की छानबीन कर रही है। कार्यालय की संपत्ति और किराए की डिटेल भी जब्त की गई है। मुख्य आईओ इंस्पेक्टर प्रमोद प्रसाद मामले की निगरानी कर रहे हैं। शहर एसपी और नगर डीएसपी स्तर की टीम भी इस गंभीर प्रकरण पर नजर रखे हुए हैं।मुजफ्फरपुर पुलिस का कहना है कि यह संगठित गिरोह हो सकता है, जिसका नेटवर्क दरभंगा, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, शिवहर और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है।

# तालिबान पर यू-टर्न?

**यह महत्त्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान संबंधी मास्को फॉर्मेट कंसल्टेशन की बैठक में भारत शामिल हुआ और वहां उभरी एक ऐसी राय से सहमत हुआ, जो स्पष्टतः अमेरिका के खिलाफ है। बैठक में रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधि भी थे। खबर है कि भारत यात्रा के दौरान अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मोताकी को वह पूरा सम्मान मिलेगा, जो किसी अन्य विदेश मंत्री को प्रोटोकॉल के तहत दिया जाता है। कूटनीतिक हलकों में इसे तालिबान सरकार को भारत की परोक्ष मान्यता के रूप में देखा गया है। इस यात्रा से ठीक पहले हुई एक अन्य घटना से ये राय और मजबूत हुई है। यह महत्त्वपूर्ण है कि अफगानिस्तान के संबंध में मास्को फॉर्मेट कंसल्टेशन की बैठक में भारत ने भाग लिया और वहां उभरी एक ऐसी राय से सहमत हुआ, जो स्पष्टतः अमेरिका के खिलाफ है। बैठक में रूस, चीन और पाकिस्तान के प्रतिनिधि भी थे। बैठक के बाद जारी साझा बयान में इन देशों ने कहा- 'अफगानिस्तान और उसके पड़ोसी देशों में अपना सैन्य ढांचा तैनात करने की किसी देश की कोशिश अस्वीकार्य है, क्योंकि इससे क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को लाभ नहीं होगा। ध्यानार्थ है कि हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान के बागराम वायु सेना अड्डे को फिर से अमेरिकी नियंत्रण में लेने का इरादा जताया था। तो साफ है, इस मसले पर भारत की सहमति रूस, चीन और पाकिस्तान के साथ है। रूस तालिबान सरकार को मान्यता दे चुका है। चीन और पाकिस्तान बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत जारी चीन- पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर का विस्तार अफगानिस्तान तक करने का निर्णय लेकर तालिबान से अपने तार जोड़ चुके हैं। जबकि अब तक भारत की राय अलग रही है। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद सितंबर 2021 में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी दी थी कि तालिबान को मान्यता देने में जल्दबाजी न की जाए। जबकि चीन और रूस ने इस मामले में लचीला रुख अपनाया। संभव है कि भारत सरकार को महसूस हुआ हो कि उसके दुविधाग्रस्त रुख के कारण अफगानिस्तान में प्रभाव बनाने की होड़ में वह पिछड़ गई है। इस बीच बदली विश्व परिस्थितियों का असर भी भारत के रुख पर हुआ हो सकता है।**

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी रोकने में सक्रिय सामुदायिक सहायता की ज़रूरत हैं

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर मादक पदार्थों के सेवन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा उसकी अवैध तस्करी के मामलों से करीब-करीब हर देश पीड़ितहै और यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। खासकर मानवीय युवा पीढ़ी जिन्हें भविष्य की बागडोर संभालनीं है, यानें हमारी अगली पीढ़ी बनने वाले युवा और बच्चों की रुचि मादक पदार्थों में बढ़ती ही जा रही है।हम अपने आसपास भी देखते होंगे कि बच्चे भी सिगरेट, बीड़ी, बीयर पीने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं जो वैश्विक समस्या बनती जा रही है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यहां गुटखा पाबंदी होने के बावजूद स्कूलों के आसपास भी भारी मात्रा में तंबाकू युक्त गुटके मिलते रहते हैं जो बिना मिलीभगत के संभव नहीं है, नशा, एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है।शराब, सिगरेट,तम्बौकू एवं ड्रग्सन जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। आज फुटपाथ और रेल्वे प्ले टफार्म पर रहने वाले बच्चीं भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते हैं कि वो बच्चेंक कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरूरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर,नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं।नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्तिह मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए जुर्म भी कर सकता है। नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है।इसीलिए ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ हम इस आर्टिकल के माध्यम से,आओ नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी को रोकने सक्रिय भूमिका बढ़ाएं पर परिचर्चा करेंगें। साथियों बात अगर हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की करें तो, ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने उल्लेख किया है, एक साथ, हम विश्व नशीली दवाओं की समस्या से निपट सकते हैं। मजबूत दृढ़ संकल्प और नशीली दवाओं से संबंधित ज्ञान साझा करके, हम सभी नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एकअंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।जब ड्रग्स का दुरुपयोग व्यापक रूप से समाज के अमीर और गरीब वर्ग के बीच फैल जाता है तो उस समय सबसे अधिक अनिवार्य है नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामुदायिक सहायता की ज़रूरत की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ़ युद्ध में प्रसिद्ध कहावत रोकथाम इलाज से बेहतर है, काफी प्रासंगिक है। ड्रग्स के दुरुपयोग और इससे जुड़ी अवैध तस्करी के खिलाफ जनजागृति बढ़ाना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मादक पदार्थों की करेंतो गुटखा तंबाकू तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानियां, मदिरा अफीम, कोकीन, भांग, चरस, गांजा , हशीश, एलएसडी आदि अन्य पदार्थ भी मादक पदार्थों के रूप में प्रचलन में है। युवा इनको प्रयोग विभिन्न कारण से कर बैठते हैं और चंगुल में फंस जाते हैं। इनके प्रयोग से दुष्प्रभाव परिवार से विच्छेदन, अपराध प्रवृति की वृद्धि शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी के रूप में सामने आते हैं। कुछ समय के लिए मस्ती देनेवाले नशीले द्रव्यों के निरंतर सेवन से मनुष्य के तन-मन निष्क्रिय और शिथिल हो जाते हैं, दृष्टि कमजोर हो जाती है, पाचनशक्ति मंद पड़ जाती है तथा



हृदय और फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है। इससे स्वास्थ्य चौपट हो जाता है और मनुष्य असमय ही मृत्यु का द्वार खटखटाने लगता है। नशीली दवाओं की लत एक कट्टर दानव है जो हमारे समाज के विकास पर रोक लगा सकती है। कैंसर जैसी अनेक भयंकर बीमारियां हमेशा सक्रियता से होने का डर बना रहता है। साथियों बात अगर हम भारत में नशा मुक्ति के लिए सरकार ने कौन-कौन से कदम उठाए हैं, की करें तो भारत में नशा मुक्ति के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, ताकि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोका जा सके।यहां कुछ प्रमुख सरकारी प्रयासों का विवरण दिया गया हैः(1)नशा मुक्त भारत अभियान-यह अभियान अगस्त 2020 में शुरू किया गया था,इसका उद्देश्य देशभर में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना, लोगों को सहायता देना और पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराना है।अब तक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा चुका है, 3 लाख से अधिक शैक्षणिक संस्थान और 8,000 से अधिक मास्टर वॉलंटियर्स इस अभियान में जुड़े हैं। (2) कानूनी और प्रशासनिक सख्ती-नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस एक्ट के तहत सख्त कानून बनाए गएहैं2014 के बाद से ड्रग्स के मामलों में 152 पेर्सेंट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, गिरफ्तारियों में 400 पेर्सेंट की वृद्धि हुई है और जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 30 गुना बढ़ा है। 2014 से अब तक 12 लाख किलोग्राम से अधिक ड्रग्स नष्ट की गई हैं। (3) इंटर-एजेंसी समन्वय और तकनीकी उपाय -नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर और जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी के जरिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाया गया है।सिम्स पोर्टल विकसित किया गया है, जिससे ड्रग्स से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग और डेटा ट्रैकिंग आसान हुई है।समुद्री मार्गों की निगरानी के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाई गई है। (4) जागरूकता और शिक्षा-स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। युवाओं और अभिभावकों के लिए कार्यशालाएं, सेमिनार और काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाते हैं, ताकि वे नशे के दुष्परिणाम समझ सकें और समय रहते मदद ले सकें। (5) पुनर्वास और सहायता केंद्र- देशभर में सरकारी और गैर-सरकारी पुनर्वास केंद्रों की स्थापना की गई है, जहां नशा पीड़ितों को इलाज, काउंसलिंग और पुनर्वास की सुविधा मिलती है। (6) सीमा सुरक्षा और तस्करी पर नियंत्रण-भारत की सीमाओं पर सुरक्षा एजेंसियों को मजबूत किया गया है, ताकि ड्रग्स की तस्करी को रोका जा सके।ड्रग्स की तस्करी के मामलों में वित्तीय जांच और संपत्ति जब्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है। (7) समुदाय और परिवार की भागीदारी-सरकार समुदाय और परिवारों को भी नशा मुक्ति अभियान में शामिल कर रही है, ताकि समाज का हर वर्ग इसमें भरपूर स्वेच्छा से सहयोग दे सके।


# आजम के दरबार में क्यों पहुँचे अखिलेश

**प्रभुनाथ शुक्ल**

प्रदेश की राजनीति में नए क्षितिज उभर रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सत्ता और विपक्ष अपनी-अपनी कमर कसता दिख रहा है। हालांकि अभी चुनाव में काफी समय है लेकिन राजनैतिक दलों ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां सत्ता खोना नहीं चाहती वहीं उत्तर प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, पीडीए को साधने में जुटा है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का बेहतर प्रदर्शन रहा था। इस प्रदर्शन ने भाजपा की पेशानी पर बल ला दिया। समाजवादी पार्टी अगर यही प्रदर्शन दोहराती है तो विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए जुटे हैं और सत्ता पक्ष के कामों का अक्सर विरोध करते दिखते हैं। आजम खान की जेल से रिहाई के बाद अखिलेश यादव खुद रामपुर जाकर उनसे मिले। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा था कि आजम खान समाजवादी पार्टी से नाराज हैं और वह बसपा में जा सकते हैं। इन सब अटकलों को देखकर अखिलेश यादव को आखिर आजम खान के दरबार में माथा टेकना पड़ा। आजम खान के सियासी शरण में जाना अखिलेश यादव की मजबूरी है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग ही उनका जनाधार है। पिछड़ा वर्ग में भी सभी जातियों को हम शामिल नहीं कर सकते हैं। लेकिन यादव और मुसलमान अखिलेश के साथ खड़े रहते हैं। आजम खान समाजवादी पार्टी के बड़े चेहरे हैं। समाजवादी पार्टी से अगर आजम खान किनारा करते तो अखिलेश यादव की राजनीतिक पकड़ बेहद कमजोर हो जाती। ऐसी स्थिति में मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए आजम शरणम गच्छामि होना पड़ा। आजम का प्रभाव पश्चिमी यूपी में मजबूत है। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, यूपी में मुसलमानों की कुल आबादी तकरीबन 20 फिसदी है। 2025 तक अनुमान है कि यह आबादी तकरीबन साढ़े चार करोड़ पहुंच जाएगी। सबसे अहम सवाल है कि क्या मुसलमान आजम खान को अपना नेता मानता है। यह कहना पूरी तरह से गलत होगा कि यूपी का मुसलमान आजम के साथ पूरी तरह खड़ा है। मुसलमानों में कई नेता हैं और सबके अपने-अपने समर्थक। सिर्फ आजम खान के इशारे पर मुसलमान नहीं खड़ा होगा। हालांकि उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुसलमानों की अहमियत को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि प्रदेश के सभी राजनीतिक दल मुसलमान वोटबैंक साधने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। हालांकि यह भी सच है मुसलमान भारतीय जनता पार्टी को भी बड़े पैमाने मतदान करता है। भाजपा साल 2017 के चुनाव में पश्चिम के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी हुआ अपना परचम लहरा चुकी है। उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में तकरीबन 55 से 60 सीटों के आसपास मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा है। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने यहां की 82 सीटों में 62 सीटों पर विजय हासिल की थी। यह चौंकाने वाला आंकड़ा था और राजनीतिक विश्लेषकों को चक्कर में डाल दिया था मुस्लिम सभी सियासी मिथक को तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़े मिले। उत्तर प्रदेश की लोकसभा में 80 सीटों में तकरीबन 20 से 22 सीटों पर मुसलमानों का प्रभाव है। इसमें सहारनपुर बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल और मुजफ्फरनगर एवं रामपुर जैसे



संसदीय इलाके शामिल। यही कारण है कि अखिलेश यादव को आजम खान से मिलने रामपुर हवेली जाना पड़ा। समाजवादी पार्टी से अगर मुस्लिम नाराज होता है तो उसके लिए बड़ी चुनौती होगी। सवाल यह भी है कि वह नाराज होकर भी कहाँ जाएगा। लेकिन पूरी तरह से मुस्लिम मतदाता सिर्फ समाजवादी पार्टी के साथ हैं- ऐसा कहना मुश्किल है। वह मायावती की बहुजन समाज पार्टी और भाजपा के साथ भी खड़ा मिलता है। चुनाव में यह भी ट्रेंड देखा गया है कि मुसलमान परिस्थितियों को देखते हुए अपनी वोटिंग करता है। उत्तर प्रदेश में एक और सियासी घटना ने सपा के लिए नई चुनौती को जन्म दिया है। लखनऊ में काशीराम परिनिर्वाण दिवस पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की तरफ से आयोजित रैली से समाजवादी पार्टी की नींद उड़ गई है। उधर, दलितों का मसीहा बनने की कोशिश कर रहे चंद्रशेखर भी उलझन में है। क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी कमजोर स्थिति में नहीं। तकरीबन 10 साल बाद मायावती की राजनीति सक्रियता ने उनके सपने पर पानी डाल दिया है। लखनऊ में उमड़ी दलितों की भीड़ ने साबित कर दिया है कि दलित पूरी तरह मायावती में आस्था रखता है। कैडर आधारित पार्टी बसपा ने बिना प्रचार के लखनऊ में एकबार फिर ताकत का प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंद्वियों की नींद उड़ा दी है। इस रैली में मायावती ने जहां भाजपा की जमकर प्रशंसा की वहीं अखिलेश यादव पर निशान साधा। अखिलेश सरकार में किए गए कार्यों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दलितों के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार ने दोगली राजनीति की। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मायावती की सक्रियता ने अखिलेश यादव के पीडीएफ फार्मूले को झटका दिया है। मायावती की कुछ वर्षों की निष्क्रियता से भाजपा केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के बदौलत दलित को अपनी तरफ मोड़ने में कुछ कमयाब दिखीं। हालांकि जमीनी सच्चाई यही है कि इस भीड़ से बसपा और दलित मतदाता भले खुश हों लेकिन सिर्फ दलित वोट से वह राजनीति में वापसी नहीं कर सकती। क्योंकि मौजूदा वक्त गठबंधन का दौर है और भारतीय जनता पार्टी इसमें सबसे सशक्त दिखाई पड़ती है।




**मेष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। किसी कार्य को पूरा करने में पुरानी कम्पनी का अनुभव काम आएगा। अचानक धन लाभ होने के योग बने हुए हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है। सफलता के योग बने हुए हैं। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। परीक्षा का बेहतर परिणाम हासिल होगा।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा। पिता से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। जिस काम की शुरुआत करेंगे, वह समय पर पूरा होगा। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी और सीनियर आपके काम से खुश रहेंगे और तारीफ करेंगे। सभी जरूरी काम आसानी से पूरे होंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे।

# समाज में परिवर्तन की वाहक बनें बालिकाएं

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस (11 अक्टूबर) पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में इसे मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है- मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें। आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद अनेकों कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उनके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती हैं तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते हैं तो हम सबका यही फर्ज बनता है कि बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सके कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियां अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिस छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कहीं भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं। समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मां, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती हैं। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# मेरे ऊपर संन्यास के लिए कोई दबाव नहीं था : अश्विन



**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के संन्यास को लेकर कहा जाता रहा है कि उनके ऊपर इसके लिए दबाव बनाया गया था। वहीं अब अश्विन का कहना है कि इस प्रकार की कोई बात नहीं थी और ये उनका निजी फैसला था। अश्विन ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वह बैंच पर बैठकर थक गये थे। अश्विन ने इसके बाद इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को भी अलविदा कह दिया था। जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेल सकें। वह इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में भी खेलने जा रहे हैं। अश्विन ने कहा, 'किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से मना किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं। उन्होंने कहा, 'तब कप्तान रहे रोहित शर्मा ) ने भी मुझे अपने फैसले के बारे में फिर से सोचने को कहा था। कोच गौतम गंभीर ने भी दोबारा विचार करने को कहा था पर मैंने संन्यास के बारे में अजीत अगरकर से अधिक बात नहीं की थी। अश्विन ने कहा, 'जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था। उनके इस बयान से उन अफवाहों पर विराम लग गया जिनमें कहा गया कि म प्रबंधन ने उन्हें यह फैसला लेने के लिए मजबूर किया था।

# हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में हार के बाद बेहद नाराज नजर आयीं। इस मैच में भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। विश्वकप में ये भारतीय टीम की पहली हार है। पहले मैच में उसने श्रीलंका और दूसरे में पाकिस्तान को हराया था। हरमनप्रीत ने हार के लिए शीर्ष क्रम को जिम्मेदार बताया है। उनका कहना है कि शीर्ष क्रम ने रन नहीं बनाये। इस मैच में ऋचा घोष के साथ मिलकर निचले क्रम की बल्लेबाजों ने रन बनाकर सम्मानजनक स्कोर बनाया। ऋचा की इस मैच में 94 रनों की पारी के बाद भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में शुरुआती पांच विकेट गंवाने के बाद भी जीत हासिल कर ली। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, " शीर्ष क्रम ने जिम्मेदारी से नहीं खेला और अपने विकेट सस्ते में ही गंवा दिये।ये गलती इससे पहले के मैचों में भी हुई थी हालांकि हमें काफी सबक भी मिले हैं। मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमें बैठकर बात करनी होगी कि एक अच्छा स्कोर बनाने के लिए कौन सी चीजें हमारे लिए प्रभावी होंगी। यह एक लंबा टूर्नामेंट है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच हमारे लिए मुश्किल पर हमें इससे काफी कुछ सीखने को भी मिला है। इससे हमें आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिली है।" उन्होंने कहा, "दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला कठिन रहा। दोनों टीमों ने ही शानदार खेल दिखाया। हालांकि बल्लेबाजी करते हुए हम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये और 250 के स्कोर तक ही पहुंच पाये। दूसरी ओर विरोध टीम की क्लो और डी क्लार्क ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच हमारे हाथों से छीन लिया। उन्होंने दिखाया कि पिच बहुत अच्छी थी और जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उससे वे जीत की अधिकारी थीं। " भारतीय टीम की ओर से ऋचा ने इस मैच में दक्षिए अफ्रीका के खिलाफ 94 रनों की पारी खेली, यह महिता एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में 8वें या उससे नीचे नंबर पर खेली गई अब तक की सबसे बड़ी पारी है। ऋचा की बल्लेबाजी को लेकर हरमन बोलीं, "ऋचा हमेशा हमारे लिए हमेशा से ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी रही हैं। वह हमेशा मैच का रुख बदल सकती हैं। और जिस तरह से उन्होंने कठिन हालात में बल्लेबाजी की, हम सभी इसे देखकर बहुत खुश हुए।"

# बीबीएल के लिए नहीं बदला जा सकता टेस्ट क्रिकेट कार्यक्रम : स्टार्क

**एजेंसी, मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए उसे पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिये। स्टार्क ने कहा है कि बिग बैश लीग (बीबीएल) मुकाबलों के लिए नई विंडो बनाई जा सकती है पर इसके लिए टेस्ट कार्यक्रम में फेरबदल नहीं होना चाहिये। साथ ही कहा कि इसे किसी भी टी20 लीग के लिए पीछे नहीं धकेला जा सकता । उन्होंने कहा, "टेस्ट क्रिकेट सबसे ऊपर है। इसे टी20 क्रिकेट के लिए जगह नहीं देनी चाहिए, चाहे वह बीबीएल हो, आईपीएल हो या कुछ और। टेस्ट क्रिकेट हमेशा सबसे आगे रहना चाहिये।" सिडनी सिक्सर्स के साथ करार के बाद स्टार्क ने कहा कि बीबीएल के मैच लगातार दो दिन खेले जा सकते हैं, क्योंकि टी20 प्रारूप में अधिक थकान नहीं होती है उन्होंने वर्तमान समय के छोटे सत्र की भी प्रशंसा की और कहा कि इसका सही प्रभाव पड़ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड को टी20 लीग में खेलने के लिए लगभग 1 करोड़ डॉलर की पेशकश की गई थी पर टेस्ट के लिए इन दोनो ने ठुकर दिया। इस पर स्टार्क ने कहा कि यह खिलाड़ियों की व्यक्तिगत प्राथमिकता है और हर किसी का फैसला अलग हो सकता है। उन्होंने कहा, "मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता रही है और अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।" स्टार्क ने माना है कि आधुनिक क्रिकेट में लीगों की बढ़ती संख्या और फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट का आकर्षण खेल की दुनिया बदल रहा है पर मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट ही पहली प्राथमिकता रहेगा। मैं इसी मानसिकता के साथ जब तक खेल सकता हूं, खेलता रहूंगा। स्टार्क ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी जीतने के बाद दो महीने का ब्रेक उनके लिए फायदेमंद रहा। अब वह भारत के खिलाफ 19 अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज़ से वापसी करेंगे।

# प्रशंसक रोहित, विराट की बल्लेबाज देखने स्टेडियम जरुर जाएं : हैडिन

**एजेंसी, सिडनी**



इस माह भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे में सभी के आकार्षण का केन्द्र भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली रहेंगे। ये दोनो ही करीब सात महीने बाद खेलते नजर आयेंगे। इसी को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ब्रैड हैडिन ने क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा है कि इस बार स्टेडियम जाकर मैच जरुर देख लें क्योंकि ये विराट और रोहित का अंतिम दौरा हो सकता है। हैडिन ने कहा, " वे खेल के महान खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि यह आखिरी बार होगा जब वे हमारे मैदानों पर खेलते दिखेंगे। इसलिए उनको खेलते हुए देखने के इस अवसर को मत खोना।" उन्होंने कहा कि शुभमन के कप्तान बनने के बाद अब रोहित केवल एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। भारतीय टीम का ये दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें वह तीन एकदिवसीय और पाँच टी20 मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। विराट और रोहित, दोनों ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है और अब ये दोनो केवल एकदिवसीय सीरीज में ही नजर आयेंगे। टी20 से इन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया था। रोहित ने साल 2017 में एकदिवसीय कप्तानी संभाली थी और अब तक 56 मैचों में 42 जीत दर्ज की हैं। उनका 75फीसदी का जीत प्रतिशत उन्हें दुनिया के सबसे सफल सफेद गेंद कप्तानों में शामिल करता है। हैडिन ने भारतीय टीम के उभरते हुए टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाजी को देखने के लिए पैसे खर्च करो। "

# अल्जीरिया ने सोमालिया को हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, ओरान (अल्जीरिया)**



अल्जीरिया ने गुरुवार को मिलूद हदेफ़ी स्टेडियम में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में सोमालिया को 3-0 से हराकर 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। अल्जीरिया के लिए मोहम्मद अमौरा ने दो गोल दागे, जबकि कप्तान रियाद महरेज़ ने एक गोल कर टीम की जीत पक्की की। इस जीत के साथ डेज़र्ट फॉक्सेस (अल्जीरिया की टीम का उपनाम) ने ग्रुप जी में 9 मैचों से 22 अंकों के साथ शीर्ष स्थान मजबूत किया। टीम ने अब तक सात जीत, एक ड्रॉ और एक हार दर्ज की है। यह अल्जीरिया की फीफा विश्व कप में पांचवीं एंट्री होगी। इससे पहले टीम ने 1982, 1986, 2010 और 2014 में विश्व कप में हिस्सा लिया था। अल्जीरिया 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी अफ्रीकी टीम बन गई है। इससे पहले मोरक्को, ट्यूनिशिया और मिस्र ने भी जगह बनाई थी। गौरतलब है कि 2026 फीफा विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

## व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, ट्रेंट लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर 1.26 प्रतिशत से लेकर 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टेक महिंद्रा के शेयर 1.46 प्रतिशत से लेकर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,088 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,554 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 534 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स



आज 96.65 अंक की गिरावट के साथ 82,075.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण ये सूचकांक उछल कर 82,551.66 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बिकवाली होने के कारण इसकी चाल में मामूली गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 292.32 अंक की मजबूती के साथ 82,464.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 14.15 अंक टूट कर 25,167.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 100 अंक से अधिक की मजबूती के साथ 25,285.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद हुई हल्की-फुल्की बिकवाली के कारण इस सूचकांक की चाल में मामूली गिरावट भी आई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 86.95 अंक की उछाल के साथ 25,267.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 398.44 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,172.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

# डॉलर के मुकाबले रुपया शुरुआती कारोबार में स्थिर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआती कारोबार में लगभग स्थिर 88.78 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है। आरबीआई के हस्तक्षेप के अभाव में इसके 88.80 के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से नीचे जाने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 88.80 पर कमजोर खुला, लेकिन जल्द ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.78 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 88.79 पर बंद हुआ



था। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर और आयातकों की मांग के कारण रुपये पर दबाव पड़ा। हालांकि, घरेलू बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में कमी ने गिरावट पर अंकुश लगाया। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.32 पर रहा।

# सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला आज भी जारी है। ये दोनों चमकीली धातुएं आज एक बार फिर मजबूती के नए शिखर पर पहुंची हुई हैं। आज के कारोबार में सोना 200 रुपये से लेकर 220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी 7,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल कर नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,24,160 रुपये से लेकर 1,24,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,810 रुपये से लेकर 1,13,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,67,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,24,310 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,24,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,24,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,24,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,13,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,24,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,24,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,13,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के



स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,24,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,24,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,24,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,13,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बैंकिंग शेयरों में खरीदारी से बाजार की तेज शुरुआत

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले सुस्त संकेतों की वजह से स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी दिन सपाट स्तर पर खुले। हालांकि, शुरुआती आधे घंटे के बाद उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। सरकारी और प्राइवेट बैंकिंग शेयरों में तेजी से बाजार को सहारा मिला है। साथ ही विदेशी निवेशकों की खरीदारी ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 82,075.45 पर खुला। खुलने के बाद इंडेक्स में गिरावट बढ़ गई और यह 82,072 तक फिसल गया। हालांकि, बाद में इंडेक्स हरे निशान में लौट गया। इसके बाद यह 331.28 अंक या 0.40 फीसदी की बढ़त लेकर 82,503.38 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 25,167.65 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद 100.65 अंक की बढ़त के साथ 25,281 पर ट्रेड कर रहा था। एशिया के बाजारों में वॉल स्ट्रीट की तरह ही गिरावट देखी गई। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 1.08 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.85 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.63 प्रतिशत नीचे आया। हालांकि, छुट्टियों के



बाद खुलने के बाद दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.81 प्रतिशत ऊपर रहा। अमेरिकी शेयर बाजार अपने हालिया रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे गिर गए। शटडाउन के दौरान नए आंकड़ों या उत्प्रेरकों के अभाव में निवेशकों ने आय से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। एसएंडपी 500 में 0.28 प्रतिशत की गिरावट आई। नैस्डैक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट आई और डॉव जोन्स 0.52 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एलेकॉन इंजीनियरिंग कंपनी, इंडोसोलर, वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज, यश हाईवोल्टेज, जीके एनर्जी, हैथवे भवानी केबलटेल एंड डाटाकॉम, एएए टेक्नोलॉजीज, अफोर्डेबल रोबोटिक एंड ऑटोमेशन, इवोक रेमेडीज, इंटेंस टेक्नोलॉजीज, ओसवाल ओवरसीज, प्रो फिन कैपिटल सर्विसेज आज अपने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी करेंगी।

# विश्वास आधारित शासन के लिए आधुनिक कर ढांचा जरूरीः नीति आयोग

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने स्वैच्छिक अनुपालन, पारदर्शिता और निष्पक्षता सहित विश्वास आधारित शासन के लिए एक आधुनिक कर ढांचा स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया है। आयोग ने आयकर अधिनियम, 2025 में कई सुधारों का प्रस्ताव दिया है, जिसमें छोटे-मोटे उल्लंघनों को गैर-अपराधीकरण करना, अत्यधिक अनिवार्य न्यूनतम सजा को हटाना और कारावास की कुल अवधि को कम करना शामिल है, ताकि भारत के कर प्रशासन को अधिक पूर्वानुमानित और कम दमनकारी बनाया जा सके। नीति आयोग ने शुक्रवार को जारी अपने कर नीति कार्य पत्र श्रृंखला-II में कहा कि अपराधीकरण को समाप्त करना, दंडों को युक्तिसंगत बनाना और आनुपातिक प्रतिबंधों पर ज़ोर देना, सामूहिक रूप से भारत के आयकर कानून को निष्पक्ष, सुलभ और आधुनिक अनुपालन व्यवस्था के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करेगा। आयोग के मुताबिक इसका उद्देश्य बलपूर्वक अनुपालन से हटकर एक ऐसे मॉडल की ओर संक्रमण करना है, जो करदाताओं को सशक्त बनाए, त्रुटि और धोखाधड़ी के बीच अंतर करे और आपराधिक कानून का प्रयोग केवल तभी करे जब महत्वपूर्ण जनहित दांव पर हो।

NITI Aayog

आयोग की 'भारत के कर रूपांतरण की ओरः अपराध-मुक्त करने और विश्वास-आधारित शासन' शीर्षक वाले रिपोर्ट के अनुसार आयकर अधिनियम, 2025 के 13 प्रावधानों में 35 कार्यों और चूकों को आपराधिक घोषित किया जाना जारी है। इन सभी अपराधों के लिए कारावास और जुर्माना हो सकता है और इनमें से 25 के लिए अधिनियम में न्यूनतम कारावास की अनिवार्य अवधि निर्धारित की गई है। नीति आयोग की ओर से इसमें सुझाव दिया गया है कि पहचाने गए 35 आपराधिक अपराधों में से 12 को पूरी तरह से गैर-अपराधी घोषित किया जाना चाहिए और केवल दीवानी या मौद्रिक दंड के माध्यम से निपटाया जाना चाहिए, जिसमें कई प्रशासनिक और तकनीकी चूकें भी शामिल हैं।

## आनंद एल राय की तेरे इश्क़ मेंका टीज़र जारी, एक महाकाव्य प्रेमगाथा की शुरुआत

28 नवम्बर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली तेरे इश्क़ में का आधिकारिक टीज़र जारी हो चुका है। फिल्म हिंदी और तमिल में आएगी। शंकर और मुक्ती की इस सिनेमाई यात्रा में मंच तैयार है, भावनाएँ प्रखर हैं और मोहब्बत का रंग पहले से कहीं ज्यादा गहरा है। फिल्म के निर्माता आनंद एल राय, भूषण कुमार और कल येल्लो ने आज टीज़र पेश किया। ए. आर. रहमान के आत्मीय संगीत और हिमांशु शर्मा व नीरज यादव की दमदार लेखनी से सजी यह फिल्म, नेशनल अवॉर्ड विजेता धनुष और कृति सेनन की अदाकारी को सामने लाती है। टीज़र शंकर (धनुष) और मुक्ति (कृति सेनन) के बीच नई और अप्रत्याशित जोड़ी की दिल को छू लेने वाली केमिस्ट्री को दिखाता है। पहले सामने आई झलकियों के बाद अब टीज़र यह स्पष्ट करता है कि कहानी गहरे जुनून, दर्द और अधूरी मोहब्बत की है। आनंद एल राय की संवेदनशील नज़र और दृश्य कविता, हिमांशु शर्मा की लेखनी और बनारस की झलक इसे एक ऐसा अनुभव बनाते हैं, जहाँ प्यार तर्क से परे है, जो जितना तोड़ता है, उतना ही सँवारता भी है। यही कारण है कि शंकर और मुक्ती अब सिनेमा के अविस्मरणीय पात्रों में शामिल होने वाले हैं। संगीत का जिम्मा संभाला है ऑस्कर विजेता ए. आर. रहमान ने। यह उनका आनंद एल राय और धनुष के साथ तीसरा हिंदी सहयोग है। इरशाद कामिल के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज़ से सजा टीज़र का गीत पहले ही चार्टबस्टर के रूप में सराहा जा रहा है। निर्देशक-निर्माता आनंद एल राय ने कहा, इश्क़ सिर्फ समर्पण है, जो आपको भरता भी है, तोड़ता भी है और बदलता भी है। टी-सीरीज़ के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार ने कहा, तेरे इश्क़ में एक ऐसी प्रेम कहानी लेकर आ रही है, जो तीव्र भावनाओं से भरी है। पहली बार दर्शक धनुष और कृति को एक साथ देखेंगे, एक नई जोड़ी, जो पर्दे पर दिल को छू लेने वाली है। आनंद एल राय की दृष्टि और ए. आर. रहमान का संगीत इसे ऐसा अनुभव बनाते हैं, जो फिल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक दिल में बना रहता है। गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और कलर येल्लो प्रस्तुत कर रहे हैं तेरे इश्क़ में। फिल्म को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और इसे हिमांशु शर्मा व नीरज यादव ने लिखा है। ए. आर. रहमान के संगीत और इरशाद कामिल के गीतों से सजी इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हैं धनुष और कृति सेनन। तेरे इश्क़ में 28 नवम्बर, 2025 को दुनियाभर में हिंदी और तमिल भाषाओं में रिलीज़ होगी।




# नई जाना गाने ने मेरी पुरानी यादें कर दीं ताजा : नीरू बाजवा



पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार नीरू बाजवा का नया गाना नई जाना रिलीज हो गया है। यह उनकी आने वाली फिल्म मधानियां का गीत है। इस गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि इससे उनकी पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं। नई जाना एक पंजाबी गीत है, जिसे मन्नत नूर ने गाया है। मनी औजला ने इसका संगीत दिया है। यह गाना आज के जमाने के म्यूजिक के साथ एक पुराने लोकगीत को पेश करता है। इस गाने में एक शादी का सीन दिखाई दे रहा है। इसमें नीरू बाजवा अपने डांस और खूबसूरती से इस गाने की रौनक बढ़ाती दिख रही हैं। यह गाना पंजाबी शादियों की खुशी और उत्साह को दर्शाता है। गाने के बारे में बात करते हुए नीरू बाजवा ने कहा, 'नई जाना गाने ने बचपन की शादियों में इसे सुनने की तमाम यादें ताजा कर दीं। मधानियां में इसे परफॉर्म करना बेहद सजीव और मजेदार अनुभव था, क्योंकि यह गाना शरारत, प्यार और हंसी का खूबसूरत मेल है। मैं उत्सुकता से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक भी इसे देखकर वही खुशी महसूस करें, जो हमें इसे फिल्माते वक्त मिली। नीरू बाजवा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस गाने को शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने हार्ट की इमोजी भी लगाई है। वहीं सिंगर मन्नत नूर ने कहा, यह गाना पूरी तरह से पुरानी यादों को ताजा करता है। पंजाब में हर कोई 'नई जाना गाने के बारे में जानता है, यह हमारी शादियों और हमारी संस्कृति का हिस्सा है। जब मैंने इसे रिकॉर्ड किया तो मेरा ध्यान उस सार को बरकरार रखने के साथ-साथ आज के श्रोताओं के लिए एक ताजगी लाने पर भी था। नई जाना गाना यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है। यह अन्य स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है। नीरू बाजवा के मनमोहक अभिनय, मन्नत नूर के मंत्रमुग्ध कर देने वाले गायन और मनी औजला के फिल्म की बात करें तो मधानियां को नव बाजवा ने लिखा है, उन्होंने ही इसके निर्देशन की कमान संभाली है। इसमें अभिनेता देव खरौद भी हैं। यह फिल्म 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## चांदनी बार सीच्ल कास्टिंग , तृप्ति, शरवरी और अनन्या मानी जा रही हैं टॉप कंटेंडर्स


फिल्ममेकर मधुर भंडारकर की चांदनी बार, जो 2001 में रिलीज़ हुई थी, ने हाल ही में अपनी 24वीं वर्षगाँठ मनाई। इस मौके पर इसके सीच्ल का ऐलान किया गया है। समाज की कटु सच्चाइयों और मुंबई के डांस बार की ज़िंदगी को बिना किसी लाग-लपेट के दिखाने वाली इस क्लासिक फिल्म ने तब्बू को राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाया था और भारतीय सिनेमा को



एक नया आयाम दिया था। अब चांदनी बार री-ओपन्स, जिसे संदीप सिंह प्रोड्यूस करेंगे और अजय बहल डायरेक्ट करेंगे, एक बार फिर उसी संवेदनशीलता के साथ शहर की कड़वी हकीकत को सामने लाने का वादा कर रही है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस समय फिल्म की लीड कास्टिंग को लेकर है। यह किरदार, जिसे तब्बू ने आइकॉनिक मुमताज़ के रूप में निभाया था, अब किसे मिलेगा, यही सबसे बड़ा सवाल है। बताया जा रहा है कि तीन युवा और टैलेंटेड अभिनेत्रियाँ रेस में हैं, जिसमें शरवरी वाघ, अनन्या पांडे और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। इंडस्ट्री में बहस छिड़ी हुई है कि इस इमोशन-ड्रिवन रोल के लिए सही चेहरा कौन होगा। क्या यह गहन किरदार निभाने की क्षमता रखने वाली शरवरी वाघ को मिलेगा? या फिर मेकर्स एक फ्रेश और मॉडर्न अप्रोच के साथ अनन्या पांडे को चुनेंगे? वहीं, हाल ही में अपनी लोकप्रियता और दमदार अभिनय से पहचान बनाने वालीं तृप्ति डिमरी भी एक मज़बूत दावेदार मानी जा रही हैं।

## शाहरुख खान बने दुनिया के सबसे अमीर एक्टर, 12,490 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान आधिकारिक रूप से अरबपति की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। फिल्म उद्योग में 33 साल बिताने के बाद उनकी कुल संपत्ति अब 1.4 अरब डॉलर (12,490 करोड़ रुपए) है। बुधवार को जारी हुई हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 से इस बात का खुलासा हुआ है। किंग खान अब भारत के सबसे अमीर अभिनेता ही नहीं, दुनिया के सबसे अमीर एक्टर भी बन गए हैं। एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के अनुसार, शाहरुख खान आधिकारिक तौर पर अरबपति क्लब में शामिल हो गए हैं। उनकी संपत्ति टेलर स्विफ्ट (1.3 बिलियन डॉलर), अर्नोल्ड श्वार्जनेगर (1.2 बिलियन डॉलर), जेरी सीनफील्ड (1.2 बिलियन डॉलर) और सेलेना गोमेज (720 मिलियन डॉलर) सहित कई अंतरराष्ट्रीय सेलेब्स से अधिक हो गई है। शाहरुख खान की नेट वर्थ को बढ़ाने में उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट का हाथ है। इसकी स्थापना 2002 में हुई थी, जिसने चेन्नई एक्सप्रेस, रईस और पठान जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। यह सिर्फ फिल्में ही नहीं बनाती, बल्कि यह कंपनी फिल्मों के लिए वीएफएक्स, डिस्ट्रीब्यूशन और कंटेंट राइट्स को भी संभालती है। इस तरह यह भारतीय मनोरंजन उद्योग की बहुत बड़ी खिलाड़ी साबित हुई है।



इसके अलावा शाहरुख खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की एक फ्रेंचाइजी, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ओनर भी हैं। उनके पास मुंबई में मन्नत नाम का आलीशान बंगला है, अलीबाग में एक फार्महाउस और लंदन और दुबई में कुछ अपार्टमेंट हैं। यह सब भी उनकी संपत्ति में शामिल है। इन सबके साथ ही उन्होंने कई अन्य व्यवसायों में भी भारी निवेश कर रखा है। इनके जरिए भी उनकी तगड़ी कमाई होती है। अन्य भारतीय सेलेब्स की बात करें तो इस सूची में अभिनेत्री जूही चावला और उनका परिवार शामिल हैं, जो दूसरे नंबर पर हैं। उनकी कुल संपत्ति 7,790 करोड़ रुपए बताई गई है। तीसरे नंबर पर हैं बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन, जिनकी कुल संपत्ति 2,160 करोड़ रुपए है। चौथे पायदान पर 1,880 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ करण जौहर हैं और पांचवें नंबर पर अमिताभ बच्चन हैं। बिग बी की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए बताई गई है।



## प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को कहा अलविदा, टूर वीडियो शेयर कर नीलम उपाध्याय को किया शुक्रिया

भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने मुंबई को अलविदा कह दिया है। वह दो दिनों तक मुंबई में रहने के बाद अमेरिका लौट गई हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई में बिताए अच्छे पलों को याद किया है। फैंस को दुर्गा पंडाल में प्रियंका चोपड़ा का लुक काफी पसंद आया। प्रियंका चोपड़ा बनारसी पैटर्न के साथ पर्पल कलर के सूट में दिखीं। एक्ट्रेस ने माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगा रखा था। एक्ट्रेस का देसी लुक फैंस के दिल को भा गया। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक मुंबई टूर वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में एक्ट्रेस पहले अपने स्किनकेयर और मेकअप के बारे में बात कर रही है, वहीं कई स्थानों के साथ वह मां दुर्गा के पंडाल में भी नजर आईं। वीडियो में उन्होंने मुंबई में बिताए दो दिनों की यादें कैमरे में कैद कीं। एक्ट्रेस ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, अलविदा मुंबई! वापस आना हमेशा बहुत अद्भुत होता है, भले ही यह एक मिनट के लिए ही क्यों न हो। उत्सव मना रहे सभी लोगों को दशहरा की शुभकामनाएं। दोबारा आने का वेट करें..। प्रियंका ने एक्ट्रेस नीलम उपाध्याय को भी दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने लिखा, जब पति मदद के लिए आसपास नहीं थे तो आप थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका को हॉलीवुड एक्शन-कॉमेडी हेड्स ऑफ स्टेट में देखा गया था। फिल्म अमेजन प्राइम पर मौजूद है। एक्ट्रेस एक साथ कई फिल्मों की शूटिंग कर रही है, जो हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों हैं। एक्ट्रेस सिटाडेल-2, द ब्लफ, जजमेंट डे, एसएसएमबी 29 और कृष 4 में भी दिख सकती हैं।

# Govt not serious about flood situation in Marathwada: Shiv Sena (UBT)

AGENCIES



**Mumbai:** Shiv Sena (UBT) MP Sanjay Raut on Friday sharply criticised the Maharashtra government over its handling of the flood situation in Marathwada, calling it a "matter of concern".

He also announced that Shiv Sena (UBT) will hold a 'Marathwada Morcha' led by party chief Uddhav Thackeray to protest the government's inaction.

Speaking at a press conference in Mumbai, Raut said the government appeared more focused on welcoming the visiting British Prime Minister than addressing the severe distress faced by flood-hit regions.

"The flood situation in Marathwada is still a matter of concern, but the government is not serious. The government was busy welcoming the British Prime Minister. It was expected that Modi would come and make some announcements for the flood victims in Marathwada, but to prevent this burden from falling on Modi, Devendra Fadnavis has announced a package that will blow away the dust," Raut said.

# Second missing Indian Army soldier's body recovered in forests of J&K's Anantnag district

AGENCIES



**Srinagar:** The body of the second Indian Army soldier, who went missing due to adverse weather conditions during an anti-terrorist operation, was recovered on Friday. Of the two missing Army para-commandos, one body was recovered on Thursday. Officials said that following relentless efforts by security forces, the body of the second para-commando has been recovered on Friday morning from the Gadole forest area of South Kashmir's Anantnag district. Officials said two para-commandos went missing five days back due to bad weather in Gadole forests and today during searches the body of the second soldier was recovered. The Army's Srinagar headquartered Chinar Corps said on X yesterday, "On the intervening night of 6/7 Oct an operational team on Kishtwar range confronted a severe snow storm and white out conditions in the mountains of South Kashmir. "Since then, two soldiers have gone out of communication. Intense Search and Rescue operations have been launched but hampered due to prevailing adverse weather conditions."

# Army holds recruitment outreach event in Assam

## inspires 425 NCC cadets



AGENCIES

**New Delhi:** In a spirited initiative to connect with the youth and promote careers in the Armed Forces, the Army has conducted an outreach programme in Assam, which saw the participation of NCC cadets hailing from four districts of the state. Held on October 10, the event was conducted by the Army Recruiting Office (ARO) Narangi, under the aegis of Zonal Recruiting Office (ZRO) Shillong, at the Combined Annual Training Camp (CATC-110) and Youth Adventure and Motivational Session (YAMS) of 5 Assam NCC Battalion.

# Punjab BSF recovers over 10 kg of narcotics

## Pakistani-made ammo on border during two different operations

AGENCIES



**Amritsar:** In two major operations conducted during the last 24 hours, Border Security Force (BSF) troops successfully recovered a huge amount of heroin, ICE drug and ammunition on Amritsar border. According to an official statement on October 9, following a suspected drone movement, vigilant BSF troops launched an extensive search operation with Punjab Police, which culminated in recovery of 01 big packet containing 03 small plastic boxes of ICE drug (methamphetamine) having gross weight- 3.049 Kgs from a farming field near village Bhaini Rajputana. In another planned mid-night operation in the border area of Amritsar, the BSF troops successfully seized 03 big packets containing 15 small packets of heroin (Gross weight- 7.985 Kgs), Opium- 290 Grams and 34 Pak Ordinance made live rounds from an agricultural field near village Attari. These high impact operations reflect the sharp observation, swift action and resolute commitment of BSF to thwart any nefarious design of cross-border Pak narco-terror syndicates to cause unrest in Indian territory. Earlier on October 7, in its relentless campaign against cross-border smuggling activities, the Border Security Force (BSF) had recovered pistol parts and live rounds from Punjab's Tarn Taran district. While carrying out a search on the Tarn Taran border, vigilant BSF troops recovered one plastic bottle containing the slide assembly of a pistol near Naushera Dhalla village of Tarn Taran. The bottle was wrapped in yellow adhesive tape with a metal wire loop attached, indicating a drone drop. On Tuesday morning, while tracking a suspected drone movement, the BSF troops successfully seized one packet containing 75 live rounds of 9 mm calibre from a farming field adjacent to village Rajoke in Tarn Taran.

# "Assam's Miya muslim population will increase to 38% after census": says CM Himanta Biswa Sarma

AGENCIES



**Dibrugarh:** Assam Chief Minister on Friday said that the state has gone through a demographic change and that the upcoming census data will reveal that the muslim population has increased to 38 per cent, a jump from the approximately 34 per cent recorded in 2011. "When the census in Assam is conducted and when the census report is published, the Miya Muslim population in Assam will be increased to 38 per cent, write my words. If projection has been made, their (Muslim) population will be 38 percent of the total population of Assam and they will become the biggest community of Assam", he said to mediapersons in Dibrugarh, after attending the "Mukhyamantri Mahila Udyamita Abhiyan" (MMUA) program. reaffirming his commitment to protecting the indigenous population in the state, he mentioned that the state government is set to bring in two important bills which will protect Jati, Maati, Bheti (caste, land, and foundation) of the people. "We will bring two important bills in the upcoming Assam assembly session to solve this type of problem. We will bring these two important bills to protect Jati, Maati, Bheti. If we had tried in the last 30 years to do the same thing we did in the last 5 years, we might not have to suffer in a crisis today", he mentioned. "Now a fight has begun and we must lead it towards our desired goal. We will have to continue the fight for the next 10 years," he added. According to the 2011 census report, Muslim population in Assam was 34.22 percent of the state's total population. At the event, CM Sarma met with the women entrepreneurs in Dibrugarh, and gave around Rs 10,000 to over 14,000 women through the MMUA seed fund.

# Gujarat CM flags off 201 new ST buses from Gandhinagar depot

AGENCIES



**Gandhinagar:** Gujarat Chief Minister Bhupendra Patel has directed the Transport Department to continuously embrace innovative technologies, upgrade infrastructure, and modernise buses to provide every citizen with high-quality, timely, and safe transportation services. CM Patel and Minister of State for Transport Harsh Sanghavi flagged off 201 new ST buses from the Gandhinagar depot. These buses, including 136 Super Express, 60 semi-luxury, and five midi buses, have been introduced on various routes to enhance public transportation services, according to the release from the Gujarat CMO. During the bus inauguration ceremony in Gandhinagar, the Chief Minister and the Minister of State for Transport formally launched the buses and greeted the drivers and conductors. Additionally, CM Patel also initiated the deployment of 4,200 additional buses for the Diwali festival, ensuring that all citizens can celebrate the festival with their families. Recently, the Gujarat ST Corporation showcased exemplary transportation services by operating over 28,000 trips during the Bhadarvi Poonam fair at Ambaji, more than 22,000 trips for Pavagadh Asho Navratri, and over 7,000 trips during the Janmashtami festival. Notably, the Gujarat ST Corporation runs more than 8,000 buses daily, covering over 33 lakh kms and transporting more than 27 lakh passengers across the state.

# Bank Manager found dead at pub's bathroom in Bengaluru

AGENCIES

**Bengaluru:** A bank manager was found dead in the bathroom of a pub in Bengaluru, police said on Friday. The police have booked a case of unnatural death and are investigating the case. The deceased was identified as 31-year-old Megharaj, a bank manager with Jana Small Bank. DCP (West) S. Girish stated on Friday that, "Last night (Thursday, October 9) in 1522 Bar located in RR Nagar police station limits, a person, by name Megharaj, aged 31 years, went to a pub along with his three friends. After finishing their meal and paying the bill, Megharaj went to the bathroom and the three friends stepped out of the bar." "After waiting for a while, the three friends went up again looking for Megharaj. After seeing the CCTV, it was found that he had gone to the washroom and had locked himself inside. After breaking open the door, it was found that he had died," DCP Girish said. The Scene of Crime Officers (SOCO) visited the spot along with local police. A case of unnatural death under the Section 174 (C) of the BNS Act has been registered based on the complaint of the deceased's brother Vinay. After postmortem examination, the exact cause of death will be ascertained, DCP Girish stated.

# "Violence against Dalits across country": Priyanka Gandhi on Haryana IPS officer's suicide



AGENCIES

**New Delhi:** Congress MP Priyanka Gandhi launched a scathing attack on the BJP over the alleged suicide of Haryana IPS officer Y Puran Kumar, saying that violence against Dalits across the country is terrifying. "The entire country is shocked by the suicide of Haryana's IPS officer Y. Pooran Kumar ji, who was troubled by caste-based harassment. The ongoing chain of injustice, atrocities, and violence against Dalits across the country is terrifying," the Lok Sabha MP from Wayanad said in a post on X. She linked the IPS officer's death to other recent incidents, including the murder of Hariom Valmiki in Raebareli. "First, the murder of Hariom Valmiki ji in Raebareli, then the insult to the Chief Justice, and now the suicide of a senior officer--this proves that BJP rule has become a curse for Dalits. Whether it is an ordinary citizen or someone in a high position, if they belong to the Dalit community, injustice and inhumanity do not leave them alone. If this is the condition of Dalits in high positions, just imagine the circumstances in which the common Dalit society must be living." Meanwhile, Aam Aadmi Party (AAP) Chief Arvind Kejriwal said that caste-based harassment drove the officer to take his own life. He also demanded strict punishment for the guilty. In a post on X, Kejriwal said, "Dalit IPS officer from Haryana, Puran Kumar ji, faced so much harassment due to his caste that he took his own life." He added that "the guilty must be given the harshest punishment as soon as possible." Kejriwal also condemned the recent incident of a shoe-hurling attempt at the Chief Justice of India, BR Gavai. "When a shoe was thrown at the Chief Justice of the country, their trolls on social media are insulting Dalits, even abusing Baba Saheb Ambedkar. Where have these people brought India today?" he said. Earlier, the Chandigarh Police filed an FIR against Haryana Director General of Police (DGP) Shatrujeet Singh Kapur and Rohtak Superintendent of Police (SP) Narendra Bijarniya following a complaint by IAS officer Amneet Puran Kumar, wife of the late IPS officer Y. Puran Kumar, who was found dead at his Chandigarh residence on October 7. The FIR, filed at Police Station Sector 11 under Sections 108 and 3(5) of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023, and Section 3(1)(r) of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, cites abetment to suicide and caste-based harassment.

# NPP aims to restore lasting peace in Manipur, opposes state's division: Meghalaya CM Sangma

AGENCIES



**Imphal:** Meghalaya Chief Minister Conrad K. Sangma on Friday said that his National People's Party (NPP) has been working to resolve the issues affecting the people of Manipur and to restore lasting peace and normalcy in the state. CM Sangma, who is also the National President of the NPP, arrived in Manipur's capital Imphal on Thursday and held a series of meetings with party leaders, MLAs, various Civil Society Organisations (CSOs), and Governor Ajay Kumar Bhalla to discuss the prevailing situation in the violence-hit state. The NPP supremo categorically stated that his party does not support the demand for a separate administration for the Kuki-Zo tribal communities. "We never support the bifurcation of Manipur or any demand for a separate administration. We always urge all communities to sit across the table and resolve issues through dialogue," CM Sangma told the media. Since the outbreak of ethnic violence in Manipur in May 2023, almost all Kuki-Zo organisations and ten MLAs, including seven BJP legislators belonging to the Kuki-Zo tribal communities, have been demanding a separate administration, such as a Union Territory with a legislature. CM Sangma said that the NPP is the only national political party that truly works for the interests of the people of the Northeast region. "We are not a high-command-based party. We frame our policies and strategies keeping the interests of the people and the region as our top priority, not the interests of the political party," the Meghalaya Chief Minister said. He added that the NPP is the voice of the eight Northeastern states and has now spread across the region. The NPP, which has organisational bases and MLAs in Manipur, Nagaland, and Arunachal Pradesh besides Meghalaya, won seven seats in the 2023 Manipur Assembly elections. In Meghalaya, the BJP with two MLAs supports the Meghalaya Democratic Alliance (MDA) government led by CM Sangma. He clarified that though the NPP had earlier withdrawn its support from the BJP government in Manipur due to Chief Minister N. Biren Singh's alleged failure to handle the crisis, the party remains a partner of the BJP-led National Democratic Alliance (NDA). "We are with the BJP-led NDA and various governments in the Northeast region, and we will continue to remain with the NDA," the NPP National President stated. He added that the NPP always listens to the people's voice and works sincerely to serve the region. Referring to his meeting with Governor Bhalla on Thursday, Sangma said he discussed the suggestions received from various leaders, CSOs, MLAs, and stakeholders during his series of meetings. "We told the Governor that our party is working in Manipur to bring back normalcy and lasting peace. We received a positive response from him," he said.